

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831
निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता
हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 19 अंक : 214 30 जनवरी, 2024 मूल्य : 30/-प्रति




## देश की प्रथम शिक्षिका एवं नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता

### महान समाज सेविका

# सावित्रीबाई फुले

### के जन्मदिवस पर कोटि-कोटि नमन

**3 जनवरी 1831 - 10 मार्च 1897**



# नवम् सामूहिक विवाह कार्यक्रम नव दम्पत्ति प्रणयसूत्र में बंधे







जोधपुर। श्री नारायण सेवा समिति मण्डोर का सामाजिक सरोकार का महात्वाकांक्षी कार्यक्रम नवम् सामूहिक विवाह का आयोजन अपनी भव्यता के साथ आज दिनांक 18 जनवरी 2024 को सम्पन्न। कार्यक्रम समन्वयक अध्यक्ष मनोहरसिंह सांखला ने बताया कि एस.बी. होटल, मण्डोर, जोधपुर के प्रांगण में श्री नारायण सेवा समिति मण्डोर एवं माली समाज जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में समिति के नवम् सामूहिक विवाह कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार, दिनांक 18/1/2024 प्रात: 9.15 बजे बजे गणेश पूजा के साथ शुरू हुई। समिति द्वारा वधुओं के घृतपान की रस्म को सम्पन्न करवाया। तत्पश्चात् 10.30 बजे बंदोली का कार्यक्रम शुरू होकर अपरान्ह 12.00 बजे तक सम्पन्न हुई। जहां एक तरफ वधु के ननिहाल पक्ष द्वारा मायरे भरने की रस्म को पूरा किया गया वहीं दूसरी तरफ सम्पतसिंह भाटी व विहिप की टीम के निर्देशों के साथ श्री अमृतलाल स्टेडियम नयापुरा, मायली मण्डावता, खोखरिया, पदाला सुखाला बेरा, कबीर आश्रम होते हुए एस.बी. होटल, लॉ कॉलेज के पीछे होते हुए बारातें अपरान्ह 12.00 बजे विवाह स्थल द्वार पर पहुंची। द्वार पर तोरण की रस्म के साथ मिलनी की रस्म निभाई गई। मिलनी में वर-वधुओं दोनों पक्षों के 7-7 समधियों द्वारा मिलनी की गई। अपरान्ह 1.30 बजे वर-वधुओं आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह प्रारम्भ हुआ। महंत 108 श्री रामप्रसाद जी महाराज भागवाताकार, बड़ा रामद्वारा सूरसागर एवं श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कुशालगिरी जी महाराज, विश्व स्तरीय गौ-शाला नागौर के पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद से कार्यक्रम आगे बढ़ा। विशिष्ठ अतिथि राजेन्द्र सोलंकी, श्रीमती कुंती देवड़ा- परिहार, डॉ. निर्मल गहलोत, श्री सुनिल परिहार, श्रीमती रात्रि पंवार, महेन्द्रसिंह राठौड़, प्रेमसिंह परिहार - अध्यक्ष माली समाज, जोधपुर के आतिथ्य में हुआ। संत ने वर्तमान परिवेक्ष में उच्च सोच एवं संस्कार को अपनाते हुए अपने परिवार को सहज रूप से संगठित करने की बात कही। कार्यक्रम की अगली कड़ी में पधारे हुए संतों भावपूर्वक अंगवस्त्र भेंट, मालार्पण एवं दुपट्टा द्वारा स्वागत सम्मान किया गया, वही अतिथियों को साफा, माला, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में समिति द्वारा भामाशाह समिति सदस्य, सहयोगी संस्थाओं, मिडिया कार्मियों एवं सेवार्थ गणमान्य व्यक्तियों का भी सम्मान किया गया। सभी आगन्तुकों द्वारा वर-वधुओं को शुभाशीष एवं नव दम्पत्ति के मंगलमय जीवन की कामना की। तत्पश्चात् सभी पधारे हुए जनमानस भोज हेतु पधारे। मंच का संचालन जयंत सांखला एवं राकेश सांखला ने किया। अपरान्ह 3.15 बजे आर्य समाज महर्षि पाणिनी नगर गोकुल जी की प्याऊ के शिवराम आर्य एवं उनकी विद्वान टीम द्वारा हिन्दू रीति-रिवाजों एवं नव संकल्पों के साथ पाणिग्रहण संस्कार का कार्यक्रम प्रारम्भ होकर सायं 6.00 बजे सम्पूर्ण हुआ । वधुओं के सिख की रस्म सम्पन्न की गई और सायं 7.00 बजे समिति द्वारा भावविरल ह्रदय से वधुआ को विदा किया और नव दम्पत्ति को समिति द्वारा मंगलकामना एवं उपहार दिया गया। समिति द्वारा अपने नव संकल्प 1. बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ 2. भोजन को कोई झूठा न छोड़े 3. प्लास्टिक मुक्त वातावरण 4. हर घर पौधो दो पौधे वितरण 5. संस्कार- गीता-रामायण 6. धन का अपव्यय रोकना 7. नर सेवा नारायण सेवा 8. माता-पिता की सेवा 9. संयमित जीवन का संकल्प दिया गया। समिति द्वारा वधुओं को 11 हजार प्रति वधु के हिसाब से एफ.डी. करवाई जायेगी और नव दम्पती की पहली संतान पुत्री होने पर समिति उनके नाम से 11 हजार की एफ. डी. करवायेगी। आज के कार्यक्रम में सर्व श्री सांवलसिंह सांखला, हरिसिंह गहलोत, गोपालसिंह गहलोत, मनोहरसिंह सांखला, सुभाष गहलोत, पृथ्वीसिंह गहलोत, ठेकेदार छगनीराम गहलोत, लक्ष्मणसिंह सांखला - बबलूसा, ठेकेदार नरपतसिंह सांखला, महेश गहलोत, नरेन्द्रसिंह परिहार, जयंत सांखला, हनुमानसिंह गहलोत, मोहनसिंह गहलोत, श्रवणसिंह गहलोत, धर्मसिंह गहलोत, ताराचंद सांखला, कल्याणसिंह सांखला, जयसिंह गहलोत, ब्रह्मसिंह गहलोत, अनिल कुमार कच्छवाह, बलवीर भाटी, किशनसिंह देवड़ा, डॉ. युधिष्ठिर भाटी, प्रेमसिंह सोलंकी, रामेश्वर चौहान, खींवसिंह परिहार, राजुराम गहलोत, दिलीपसिंह गहलोत, दाऊलाला भाटी, अर्जुनसिंह सांखला, नरपतसिंह सांखला, रणजीतसिंह गहलोत, मुकेश गहलोत, जुबिन सांखला, संदीप चौहान, किशनसिंह भाटी, कदन गहलोत, मनमोहन सांखला, धीरेन्द्र गहलोत, मोहनसिंह गहलोत, छंवरसिंह कच्छवाहा, प्रेमसिंह गहलोत, चेतनसिंह गहलोत, जगदीश परिहार, किरणसिंह गहलोत, चन्दनसिंह गहलात, भगतसिंह चौहान, विरेन्द्र जांगिड़, सेठ ज्ञानसिंह गहलोत, जवरीलाल भाटी, विरेन्द्र देवड़ा, रमेश गहलोत, राजेश कच्छवाह, विरेन्द्र देवड़ा, लक्ष्मण परिहार- सर, अक्षयसिंह टाक, किशनसिंह सांखला, कैलाश आर्य, महेश परिहार, मनीष रांकावत, कुलदीप गहलोत, दीपक सोलंकी, कार्यक्रम में महर्षि पाणिनी नगर आर्य समाज, विश्व हिन्दू परिषद मण्डोर प्रखण्ड, रामतलाई विकास समिति, मुस्कान सच्ची सेवा, चौनपुरा विकास समिति, सालासर सेवा संस्थान, जेबीएम स्कूल आदि सहयोगी संस्थान का सहयोग रहा। समिति मिडिया प्रभारी महेश व्यास, जगदीश देवड़ा, चेतन चौहान ने पूरे कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाई। समिति अध्यक्ष सांवलसिंह सांखला, महासचिव हरिसिंह गहलोत, कोषाध्यक्ष गोपालसिंह गहलोत, कार्यक्रम संयोजक मनोहरसिंह सांखला, सचिव अक्षयसिंह टाक एवं राकेश सांखला द्वारा सभी आगन्तुकों, अतिथियों, सहयोगी संस्थाओं, पुलिस प्रशासन, अग्निसमन प्रशासन, भारत सेवा संस्थान, महिला अधिकारिता विभाग, नगर निगम जोधपुर एवं अन्य सहयोगी संस्था जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी निभाने वाले सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

# माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण


जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)


श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)


श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)


श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)


श्रीमान नरपत सिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)


श्रीमान संतोक सिंह गहलोत
(व्यवसायी/समाजसेवी)


श्रीमान तारासिंह सांखला
(व्यवसायी/समाजसेवी)

## संपादक की कलम से...

समाज के विकास का मूल मंत्र है स्वस्थ रहना, शिक्षित बनना व संगठित रहना। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है, स्वस्थ मस्तिष्क होगा तो शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ बनेंगे। विवेकशील बनेंगे तो श्रेष्ठ निर्णय शक्ति का विकास होगा। उच्च विचारों से युक्त अपना मानव जीवन एक आदर्श इंसान का निर्माण कर सकेगा। अपने जीवन में व्याप्त कुटिलताएं, राग, द्वेष, ईर्ष्या, एक दूसरे को नीचा दिखाने की भावनाएं समाज के संगठन में बाधा बनी हुई है। जब तक समाज संगठित नहीं होगा, शिक्षित नहीं होगा तो समाज के विकास में अवरोध बना रहेगा। इसका परिणाम हमारे सामने है, हमारा जीवन स्तर दूसरे समाजों की तुलना में काफी पिछड़ा हुआ है। समाज को जाग्रत करने के लिए विद्वान व बुद्धिजीवी वर्ग पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से समय-समय पर मार्गदर्शन करते रहे है। इसमें प्रारम्भ से आज तक माली सैनी संदेश जैसी समाज की पत्रिका ने समाज को जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में माली सैनी संदेश अपनी विवेकशील दृष्टि व उदार व्यवहार से समाज में परिवर्तन व जाग्रति ला रही है।

समाज को आगे बढ़ाने व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी प्रकार के आपसी भेदभाव भुलाकर संगठित होकर आगे बढ़ें। मौजूदा समय में युवा वर्ग शिक्षा से दूर कुव्यसनों व नशे से सराबोर हो रहा है यह गहन चिन्तन का विषय है। आज का छात्र/ युवा कल का राष्ट्र निर्माता है। समाज में सामुहिक विवाह एक आदर्श एवं हर स्तर के परिवार के लिए सराहनीय कदम है। सामुहिक विवाह मेंअधिक से अधिक जोड़ों को सम्मिलित करके एक उदाहरण प्रस्तुत करें। बाल विवाह कानूनन जुर्म है, बाल विवाह रोकें एवं अन्य को रोकने को प्रेरित करें। हमारे समाज में दहेजप्रथा व टीका दस्तुरी का भी कुछ धनी परिवारों में प्रचलन चल रहा है। विवाह में दिखावे के लिए पैसा पानी की तरह बहाया जाता है। इसी प्रकार मध्यम वर्ग के व आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी उनकी देखा-देखी करते है व कर्ज में डूब जाते है। इन बुराइयों से हमें बचना है ताकि उस राशि को बच्चों की शिक्षा पर व समाज के विकास में लगा सके तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा व अपना स्थान अन्य समाजों की तुलना मेंअपनी पहचान बना सकेगा।

राजनीति के क्षेत्र में भी हमारा प्रतिनिधित्व नहीं के बराबर है। हमें आपसी फूट व पार्टीबाजी में पड़कर एक दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति से भी बचाना पड़ेगा। चाहे किसी भी पार्टी का हो यदि योग्य व समाज के प्रति समर्पित हो तो सभी प्रकार के भेदभाव भुलाकर उन्हें सहयोग दें। फूट का परिणाम हम कई बार भुगत चुके हैं। हमारे समाज में मतदाताओं की संख्या कम नहीं है लेकिन अलग-अलग बंटे रहने से मतदाताओं की संख्या कम नहीं है लेकिन अलग-अलग बंटे रहने से टीम किसी भी पद पर पहुंचने में असमर्थ रहते है, कुछ अपवाद छोड़कर। हमारे समाज में योग्य व बुद्धिजीवी लोगों को कमी नहीं है मात्र संगाठित होकर उन्हें समर्थन देने की आवश्यकता है। एक दूसरे की टांग खिंचाई बन्द करें सुख-दु:ख में सहायता करें, तभी हम दूसरों के पीछे चलकर ही तो हमारा स्वाभिमान खोते जा रहे है। हीन भावना का त्याग करें। जब मन में दृढ़ संकल्प कर लें तो राह के शूल भी फूल बन जाते है। अत: संकटों से घबरा कर प्रयास नहीं छोड़ने चाहिए। जो व्यक्ति केवल काम के आरम्भ को देखता है वह अंधा है, जो परिणाम को ध्यान में रखे व बुद्धिमान है। कमजोर आदमी हर काम को असम्भव समझाता है और आशावादी हर असम्भव कार्य को साधारण समझता है। संगठन में वह शक्ति है कि नन्हीं चींटियाँ अपने से दस गुने वजन को उठाकर ले जाती है, हमें चींटियों से प्रेरणा लेनी है- अत: सबके साथ अच्छा व्यवहार। जिस काम को करने से आत्मा मना करे उस काम को ना करें। यदि देखना है तो दूसरों के गुण देखिये और कुछ छोड़ना है तो अपनी कमजोरियं छोड़िये। क्रोध व अहंकार विनाश का कारण है।

**आईए! नव वर्ष के अवसर पर आज शपथ लेते हैं कि अपने आने वाली पीढ़ी को शिक्षित, संस्कारित व संगठित करेंगे। समाज के विकास के लिए संघर्ष करते रहेंगे।**

### नव वर्ष पर ले प्रण :

**स्वस्थ रहे**
**शिक्षित बने**
**संगठित रहे**





**मनीष गहलोत**
संपादक

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।**
**समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार**
**विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# सीएम ने ब्रह्मसिंह परिहार की प्रतिमा का अनावरण किया

## बोले- हम उनके कार्यों को आगे बढ़ाएंगे







जोधपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने माता का थान में भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार सेवक ब्रह्मसिंह परिहार की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि वे संगठन के सच्चे भक्त थे। उनके द्वारा जीवन में किए गए कार्यों से मन में कल्पना आती है कि उनको ना केवल जोधपुर बल्कि प्रदेश जानता था। भाजपा का आज जो विस्तार रूप हम देख रहे है। वो संगठन के ऐसे ही लोगों की वजह है। हम उनके कार्यो को आगे बढ़ाएंगे। महंत रामप्रसाद के सानिध्य में हुए समारोह में मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरूआत ब्रह्मसिंह अमर रहे... जयघोष के साथ की। **ये रहे मौजूद** मंत्री जोगाराम पटेल, सांसद पीपी चौधरी, राजेंद्र गहलोत, बाबूसिंह राठौड़, अतुल भंसाली, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, जसवंतसिंह विश्नोई, महापौर कुंती परिहार व वनिता सेठ, देवेंद्र सालेचा, महेंद्र कुमावत, देवेंद्र सालेचा, प्रो. महेंद्रसिंह राठौड़, नरेंद्र कच्छवाहा, पूनाराम चौधरी, ममता परिहार, रणजीत परिहार, अजय शर्मा, रामदयाल परिहार आदि मौद थे।

**दोपहर साढ़े बारह बजे होना था, शाम साढ़े पांच बजे हुआ आयोजन** यह समारोह दोपहर साढ़े बारह बजे होना था, लेकिन इस कार्यक्रम को शेड्यूल में सबसे पीछे कर दिया। इस वजह से मुख्यमंत्री शाम साढ़े पांच बजे समारोह में पहुंचे। यहां दस मिनट मूर्ति अनावरण, दस मिनट स्वागत समारोह और छह मिनट के स्वयं और दो मिनट के जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के भाषण के बाद आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हो गया। समारोह के बाद आगंतुकों के लिए प्रसादी का आयोजन था, लेकिन मुख्यमंत्री का कार्यक्रम देरी से होने के कारण यहां अतिथियों, पुलिसकर्मियों व आमजन ने दोपहर डेढ़ बजे भोजन किया। कार्यक्रम लंबा ना हो इसलिए जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने संचालक को रोकते हुए मंच संभाल मुख्यमंत्री को भाषण के लिए आमंत्रित किया। वहीं मुख्यमंत्री काफिले के माता का थान चौराहे से गुजरते समय पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थकों ने अशोक गहलोत जिंदाबाद के नारे लगाए।

# कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का बड़ा बड़ा रामद्वारा में हुआ भव्य स्वागत









जोधपुर। जैतारण विधायक और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के मंत्री बनने के बाद प्रथम बार जोधपुर आगमन पर माली समाज द्वारा राम द्वारा में भव्य स्वागत किया गया।

मनीष गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि अविनाश गहलोत का बड़ा रामद्वारा के महंत राम प्रसाद जी महाराज ने शाल एवं उत्कर्ष के फाउंडर निर्मल गहलोत ने साफा पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर संत रामप्रसाद जी ने आशा व्यक्त की की जो जिम्मेदारी अविनाश जी को मिली है वह उसमें पूर्ण रूप से निष्काम भाव से कार्य कर सभी को लाभान्वित करेंगे इस अवसर पर निर्मल गहलोत ने अविनाश गहलोत को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का महत्व पूर्ण विभाग मिलने पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। अविनाश गहलोत ने कहा कि जो जिम्मेवारी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुझे दी है वह जिम्मेवारी में पहले दिन से ही कर्मठता से निभा रहा हूं विभाग के 70 कर्मियो की वर्षो से पेंडिंग पदोन्नति करने के साथ ही अब तक करीब 300 फर्जी एनजीओ को ब्लैकलिस्ट कर चुके हैं तथा मै ईमानदारी एवं भ्रष्टाचार मुक्त विभाग बनाने का कार्य करूंगा मेरे विभाग में राजस्थान के करीब एक करोड़ लोगों का जुड़ाव है और मैं उनका विश्वास दिलाता हूं कि ईमानदारी से सभी वर्गो नियमानुसार विभाग को योजनाओं से लाभान्वित करते रहेंगे। इस अवसर पर इस अवसर पर माली महासभा के नरसिंह गहलोत एवं उनकी टीम द्वारा अविनाश जी को 21 किलो की माला पहनकर बहुमान किया गया। माली सैनी के संपादक द्वारा मोमेंट ओ देकर अविनाश जी का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर लवकुश संस्था के राजेंद्र परिहार, पंकज सांखला, महेंद्र तंवर, नितेश कच्छवाहा, डॉ प्रेम गहलोत, योगाचार्य श्याम भाटी, उद्योगपति नरपत सांखला, कानाराम सांखला, मेघाराम परिहार,नारायण सेवा संस्थान के मनोहर सिंह सांखला, जयंत संखल सहित अनेकों प्रबुधजन उपस्थित थे।

# माता सावित्री बाई फुले की 193 वीं जयन्ती महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय स्मारक नागौर रोड रेलवे फाटक पुष्कर में धूमधाम से मनाई गई

पुष्कर। ज्योतिबा फुले माता सावित्री बाई फुले सर्किल विकास समिति पुष्कर तत्वाधान में माता सावित्री बाई फुले की 193 वीं जयन्ती महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्री बाई फुले रास्ट्रीय स्मारक नागौर रोड रेलवे फाटक पुष्कर में धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्री बाई फुले सर्किल विकास समिति के प्रवक्ता नितेश गहलोत ने बताया कि सर्व प्रथम माता सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका पुष्कर अध्यक्ष शिवस्वरूप महर्षि, भाजपा जिला महामंत्री अरुण वैष्णव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सूरजनारायण पाराशर, ताराचन्द गहलोत ने माल्यार्पण कर शुरुआत की । तत्पश्चात ताराचन्द गहलोत ने माता सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालकर बताया कि माता सावित्री बाई फुले ने प्रथम महिला शिक्षिका बनकर महिलाओं को शिक्षित किया व सतीप्रथा, छुआछुत, भेदभाव के साथ ही दलितों और पिछड़ों के उद्धान के लिए महात्मा ज्योति राव फुले के साथ अपनी बराबर की साझेदारी निभाई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवस्वरूप महर्षि अध्यक्ष नगर पालिका पुष्कर ने अपने उद्बोधन में महात्मा फुले दंपती के दलितों के उत्थान पर प्रकाश डालकर सभी को अपने जीवन मे आत्मसात करने का आह्वान किया । पुष्पांजलि कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित मुख्य अतिथि व प्रबुद्धजनों का मालियान नवयुवक मण्डल व संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित अतिथियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया इस अवसर पर जगदीश कुर्डिया, दामोदर मुखिया,



जयनारायण दगदी, राजेन्द्र महावर, भागचंद दगदी, सत्यनारायण भाटी, पुखराज दगदी, घीसुलाल तंवर, रूपचंद मारोठिया, धीरज जादम पार्षद,सीताराम सतरावाला, डॉ.अजय सैनी, नेहरू पंडित, रिषि भाटी, रवि कच्छावाह, छोटू सतरावाला, चंद्रप्रकाश सैनी, खेमचंद उबाना, नंदकिशोर कुँवाल, शंकर चौहान, स्वरूपानंद अजमेरा, मांगीलाल अजमेरा सहित कई समाज सेवी व जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर महान शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया ।

# सैनी समाज संस्थान ने मनाई सावित्रीबाई फुले की 193 की जयंती



फतेहपुर शेखावाटी। सैनी समाज संस्थान के तत्वधान में श्रीमती सावित्रीबाई फुले की 193 वीं जयंती मनाई गई। श्रीमती सावित्री कोचिंग क्लासेस चतरदास की ढाणी रोड़ फतेहपुर के प्रांगण में सैकड़ों की संख्या में सैनी समाज के गणमान्य जनों एवं मातृशक्ति की उपस्थिति में हुए इस समारोह की अध्यक्षता श्री दयाराम सैनी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में श्री नौरंग जी गढ़वाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती कमला देवी पापटवाण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। सर्वप्रथम माँ सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा फिर सैनी समाज संस्थान की तरफ से गणमान्य अतिथियों को समाज का दुपट्टा औढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के श्री मोहनलाल जी गढ़वाल, श्री थावरमल जी गढ़वाल, श्री बुधरमल जी गढ़वाल, शंकरलाल पापटवाण, मोहनलाल जी सिंगोदिया, मदनलाल गढ़वाल, बुधरमल खडोलिया, भंवरलाल पंवार सांवरमल सिंगोदिया पार्षद, रामस्वरूप गढ़वाल पार्षद, श्रीमती ज्योति कटारिया पार्षद व विनोद कटारिया, प्रमोद खडोलिया, सचिन जाजम, प्रहलाद बागड़ी, आचार्य रामगोपाल शास्त्री, रामनिवास गढ़वाल बालूराम कटारिया, रामप्रसाद भभेवा रामकरण चांदोलिया, रिधकरण किरोड़ीवाल, बनवारीलाल तुसीड़, विनोद गौड, जगदीशप्रसाद गढ़वाल, महेश राकसिया आदि गणमान्य जनों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में श्री प्रहलाद बागड़ी ने कहा कि हमें श्रीमती सावित्रीबाई के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा अपने समाज की बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षा दिलाकर स्वाभीमान के साथ अपने पैरों पर खड़ा करना चाहिए। साथ ही समाज में शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक जागरूकता लाकर सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर समाज को आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए। अपने उद्बोधन में श्री बालूराम कटारिया ने कहा कि हमारी महिलाओं को सरकारी तथा गैर सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए और शिक्षा के क्षेत्र में उन योजनाओं का उपयोग करना चाहिए। युवा पार्षद श्री रामस्वरूप गढ़वाल ने समाज के युवाओं से शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति और व्यवसाय में बढ़-चढ़कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।आचार्य रामगोपाल शास्त्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सावित्रीबाई फुले द्वारा समाज के लिए किए गये प्रयासों की चर्चा करते हुए उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारने की बात कही। अंत में समारोह के अध्यक्ष श्रीमान दयाराम राकसिया ने सभी अतिथियों, भामाशाहों, व महिला शक्ति का आभार व्यक्त किया। इस समारोह में समाज के भामाशाह श्री भगवानाराम गढवाल, श्री मुकेश बालाण श्री बुधरमल खड़ोलिया, श्री महेश राकसिया, श्री दिनेश गौड़ आदि का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सभी ने स्वरूची भोज का भी आनन्द लिया।




## सुरेन्द्र टाक बने अध्यक्ष

पीपाड़। माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान पीपाड़ शहर, के सभी पदों पर सर्वसमिति से निर्विरोध अध्यक्ष सुरेंद्र टाक(सुराजी) ठेकेदार उपाध्यक्ष सोहनलाल कच्छावाह(किसान खाद बीज) सचिव अशोक गहलोत उपप्रधान प्रतिनिधि बोरुंदा, कोषाध्यक्ष रामकिशोर गहलोत ठेकेदार को बनने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

### अपने बच्चों को संस्कार वान बनाय श्रीमती भाटी मां सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई

# समाज की महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मधु भाटी ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना है




उज्जैन। संत लिखमीदासजी शैक्षणिक एवं पारमार्थिक समिति के तत्वावधान में भारत की प्रथम शिक्षिका मां सावित्रीबाई फुले की 193 वीं जयंती मारवाड़ी माली समाज की धर्मशाला उर्दूपुरा में मनाई गयी । समाज की महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मधु भाटी ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना है। इस अवसर समाज अध्यक्ष लीलाधर भाटी, समिति अध्यक्ष नेमीचंद मारोठिया, सोनू गेहलोत पूर्व सभापति नगर निगम, पार्षद गब्बर भाटी, लालाराम गेहलोत, हिम्मत बागड़ी, सुरेश चंद्र गहलोत, बाबूलाल मारोठिया, सत्यनारायण भाटी (सत्तारा पह.), डॉ. मालाकार, लक्ष्मीनारायण टांक, शिवनारायण भाटी, रमेशचंद सांखला, विष्णुकांत गेहलोत, कस्तूरीबाई गेहलोत, अनोखीबाई देवड़ा, शशिकला भाटी, सीमा भाटी, पुष्पा टांक, सुमित्रा भाटी, मन्जू कछावा, अन्नपूर्णा भाटी, संगीता भाटी, ललिता सांखला, पुष्पा सांखला, इंद्रा तंवर, ज्योति गेहलोत, राधेश्याम गेहलोत, किशोर कुमार भाटी, शांतिलाल सांखला, रमेशचंद निमावत, परवीन गेहलोत, लीलाधर भाटी, अशोक सांखला, नितिन गेहलोत, संतोष गेहलोत, रवि गेहलोत आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण कछावा एवं आभार लालाराम गेहलोत ने किया।

### माता सावित्री बाई फुले की जयन्ती समारोह

# महिला सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण के रुप में मनाया




अलवर। अलवर जिला सैनी महासभा एवं राष्ट्रीय सैनीसभा की जिला कार्यकारिणी के संयुक्त तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सेवी माता सावित्री बाई फुले की जयन्ती समारोह का आयोजन महिला सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सैनी समाज सभा भवनकाशी राम चौराहा, अलवर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में माता सावित्री बाई फुले के जीवन परिचय एवं महिलाओं को शिक्षित करनें के लिए किये गये कार्यो व जीवन दर्शन के बारे में विचार गोष्ठी एवं महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मान में एक दुप्पटा एवं फुले दम्पत्ति की तस्वीर भेंट की गयी।

# टाक माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान के अध्यक्ष निर्वाचित दिलाई शपथ



पीपाड़सिटी । माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान की सर्वसम्मति से निर्वाचित नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को गुरुवार को एक संक्षिप्त समारोह में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष सुरेन्द्र टाक, उपाध्यक्ष सोहनलाल कच्छावाह, सचिव अशोक कुमार गहलोत, कोषाध्यक्ष रामकिशोर गहलोत, पदेन सदस्य सब्जी मंडी अध्यक्ष जवरीलाल गहलोत, कार्यकारिणी सदस्य पांचाराम सोलंकी, जैनाराम सांखला केशाराम आसोप, भाटी मालावास, रामस्वरूप टाक चौकड़ीकलाँ, मुकनाराम गहलोत जीमडू पीपाड़सिटी माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान की कार्यकारिणी । कोसाणा, श्रवणराम टाक सिलारी को निर्वाचन के बाद पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गोबर सिंह, माली समाज अध्यक्ष सुखदेव सैनी सहित अन्य सदस्यों ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत किया। अध्यक्ष सुरेन्द्र टाक के साथ पदाधिकारियों ने संस्थान की ओर से निर्मित छात्रावास का निर्माण पूरा करने का भरोसा दिलाया।

## माता सावित्री बाई फुले की 193 वीं जयन्ती पर महात्मा ज्योति बा फुले राष्ट्रीय संस्थान शिक्षिका सम्मान समारोह का आयोजन






जयपुर। माता सावित्री बाई फुले की 193 वीं जयन्ति पर पर महात्मा ज्योति बा फुले राष्ट्रीय संस्थान, जयपुर में आज दिनांक 03 जनवरी 2024 को षिक्षिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता गहलोत धर्मपत्नि श्री अशोक गहलोत (पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान) विशिष्ट अतिथि, श्रीमती रष्मि सैनी चौयरमेर नगर निगम, जयपुर, श्रीमती ममता परिहार, श्रीमती छोटी देवी कच्छावाह, श्रीमती ऐश्वर्या सांखला रहे। संस्थान के महामंत्री पूनमचन्द कच्छावाह ने बताया कि सर्वप्रथम सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर कार्यक्रम कि शुरूवात हुई एवं सावित्री बाई फुले के जीवन पर नाटय प्रस्तूत कर उनके जीवन के बारे में बताया गया एवं इस शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चन्देल ने सावित्री बाई फुले की जयंती के शुभ अवसर पर ''शिक्षिका सम्मान समारोह' कार्यक्रम का आयोजन कर समाज में आगे बढने की प्रेरणा दी। उक्त कार्यक्रम का संचालन श्रीमती धीरज सांखला कार्यक्रम संयोजक ने किया। जयपुर संभाग अध्यक्ष डॉ. तनु सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्री मांगीलाल पंवार पूर्व अध्यक्ष, श्री रामलाल कच्छावाह संरक्षक, श्री भगवान सहाय सैनी पूर्व विधायक, श्री सुनील परिहार निदेशक रिको, श्री बी. एल. मालाकार जी, श्री ओंकारमल सैनी, श्री हनुमान प्रसाद सैनी, प्रदेष उपाध्यक्ष, श्री सुरेश सैनी (रेल्वे) कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं अन्य समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## सैनी समाज सेवा एवं शिक्षण संस्था द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान शिविर का कार्यक्रम






जयपुर। सैनी समाज सेवा एवं शिक्षण संस्था द्वारा माता सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन सप्ताह के अंतर्गत रक्तदान शिविर का कार्यक्रम टोंक फाटक जयपुर रखा गया जिसमें करीब 213 यूनिट एकत्रित की गई इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जो हम सबके लिए एक शिक्षा है कि रक्तदान में महिलाएं भी पीछे नहीं है वह भी पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर रक्तदान में अपना योगदान दे रही है इस शुभ अवसर पर स्थानीय विधायक माननीय कालीचरण जी सराफ ने भी शिरकत की साथ ही भारतीय आयकर सेवा के अधिकारी श्री अरविंद कुमार गहलोत भी उपस्थित रहे। इस अति उत्तम कार्य के लिए सैनी समाज सेवा एवं शिक्षण संस्था का बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते हुए सुरेश सैनी सचिवालय ने कहा कि गर्व है की इस संस्था का प्रथम अध्यक्ष में रहा था।

## बल्लभगढ़ रियासत के प्रधान सेनापति श्री गुलाब सिंह सैनी को उनके बलिदान दिवस पर शत शत नमन



नई दिल्ली। 10 मई 1857 को अंग्रेजों के विरूद्ध भड़की चिन्गारी को बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह ने ज्वाला बनाने का निर्णय लिया और दिल्ली पर अंग्रेजों का कब्जा रोकने का जिम्मा उन्होंने अपने सलाहकार व प्रधान सेनापति गुलाब सिंह सैनी को सौंपा।

सेनापति गुलाब सिंह सैनी ने अपने सैनिकों के साथ दिल्ली पर मोर्चा संभाल लिया और अंग्रेजों को दिल्ली में घुसने नहीं दिया। दिल्ली के लालकिले में बैठक करके बादशाह बहादुर शाह जफर को अनेक देशी रियासतों राजाओं ने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ने का भरोसा दिया । राजा नाहर सिंह अपने महान योद्धा सेनापति गुलाब सिंह सैनी के साथ दिल्ली मोर्चा पर अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए अड़ गए लेकिन भरोसा देने वाले अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की चाल में आ गए और उन्होंने दिल्ली से दूरी बना ली लेकिन गुलाब सिंह सैनी ने हार नहीं मानी और अंग्रेजों को खदेड़ दिया। एक दिन अंग्रेजों ने गुलाब सिंह सैनी को धोखे से गिरफ्तार कर लिया और 9 जनवरी1858 को चांदनी चौक पर राजा नाहर सिंह के साथ फांसी लगा दी। हमारे गौरवशाली इतिहास के ऐसे वीर योद्धाओं को नमन।

# 'मेरी कोशिश देश के लिए ज्यादा से ज्यादा पदकवीर तैयार करना है

## राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित हुए दिग्गज एथलेटिक कोच महावीर सैनी



जयपुर। राजस्थान के दिग्गज एथलीट कोच महावीर सैनी को हाल ही में द्रोणाचार्य अवश्वर्ड कें लिए चयनित किया गया है।

महावीर सैनी ने कहा कि किसी भी कोच के लिए वह पल सबसे अहम होता है जब उसका शिष्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को सम्मान दिलाते हुए स्वर्ण पदक जीतता है। जब कोई बच्चा पहली बार कोच के पास आता है तो वह मिट्टी की तरह सपाट होता है लेकिन कोच उसे सोने की तरह चमका देता है। ग्रास रूट से बच्चों को तैयार करना जरूरी हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है लेकिन उन्हें उचित समय पर प्रशिक्षण नहीं मिल पाता। हमें अगर खेलों में विश्व स्तर पर झंडे गाड़ने हैं तो बच्चों को ग्रास रूट स्तर पर ही तराशना होगा। अभी हो यह रहा है कि खिलाड़ी जब तक अभ्यास के लिए कोच के पास पहुंचता है तब तक उसकी कच्ची उम्र निकल जाती है। चीन में देखें, छोटे से बच्चे को सख्त ट्रेनिंग दी जाती है तो वह 12- 14 वर्ष तक तो ओलंपिक में पहुंच जाता है। हमें भी गांवों से प्रतिभा को निकालना होगा और उन्हें पूरी सुविधाएं देते हुए तैयार करना होगा।


**2024 ओलंपिक के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं** हमारे लिए अगली चुनौती पेरिस 2024 ओलंपिक गेम्स हैं। वर्तमान में विश्व रेकश्वर्डधारी पैरा एथलीट स्वर्ण पदक विजेता सुंदर गुर्जर मेरे से कोचिंग ले रहा है। वह 2013 से मेरे साथ है। इसके अलावा शताब्दी अवस्थी, कचनार चौधरी, सुमन ढाका, राकेश चौधरी आदि अनेक नाम हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमके हैं। एथलीट कड़ी मेहनत कर रहे हैं। खासतौर पर मुझे सुंदर से काफी उम्मीद है कि वह पेरिस पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण जरूर जीतेगा।

**अब मेरी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है** सैनी ने कहा, मेरा द्रोणाचार्य अवार्ड मिलना बहुत ही गर्व की बात है। अब मेरी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। एक कोच के रूप में मेरा हमेशा से ही प्रयास रहा कि मैं अधिक खिलाड़ियों को देश के लिए तैयार करूं और पदकों की झड़ी लगा दूं। मुझे खुशी होती है कि दशकों की कोचिंग के दौरान मेरे अनेक शिष्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलें। **अब तक छह कोच राजस्थान** के अब तक द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त कर चुके है पैरा जेवलिन थ्रो में विश्व रेकार्डधारी सुंदर गुर्जर के गुरु हैं सैनी

**त्याग व तपस्या से मिलती है सफलताः** नए एथलीट को मैं यही गुरु मंत्र देता हूं कि त्याग व तपस्या से ही सफलता मिलती है। जो भी तुम्हारा ओरिजनल एक्शन है उसे छेड़ना मत, बस उसे मेहनत से उसे और अच्छा करने का प्रयास करो।

# डॉ.आशुतोष सैनी ने गाल की चमड़ी से नया पेशाब का रास्ता बनाकर मरीज को दिया नया जीवनदान

## सैनी हॉस्पिटल एंड यूरोलॉजी सेंटर के यूरोलॉजिस्ट डॉ.आशुतोष सैनी ने एक के बाद एक बड़े जटिल ऑपरेशन कर बनाया कीर्तिमान



चौमूं । शहर के रींगस रोड स्थित सैनी हॉस्पिटल एंड यूरोलॉजी सेंटर के डॉ आशुतोष सैनी यूरोलॉजिस्ट ने 500 बताया कि कुछ महीनों पहले सवाई माधोपुर से एक मरीज आया। जिसके पेशाब में रुकावट थी. जाँचो में पता लगा कि उसका पेशाब का रास्ता खराब हो चुका था। हालांकि उसके लिए पहले भी जयपुर में दो बार ऑपरेशन हो चुका था। लेकिन फिर भी वह इस समस्या से जूझ रहा था। डॉ. सैनी ने गाल कि अंदर की चमड़ी लेकर एक जटिल ऑपरेशन करके पेशाब के रास्ते को नया बनाया व 20 दिन बाद जब पिशाब कि नलकी निकाली गई तो देखा गया कि मरीज एकदम स्वस्थ हो गया है। अब वह खुलकर पेशाब जाने लगा है। इस सफल ऑपरेशन के बाद मरीज के परिजन काफी खुश दिखे व डॉ सैनी का धन्यवाद प्रकट किया।

डॉ.सैनी ने अपनी इस बड़ी सफलता के लिए डॉ बी. एस. सैनी, डॉ पूजा, डॉ. आशीष, मैनेजिंग डायरेक्टर शंकर लाल व हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ को बधाई दी।

## हार्दिक बधाई

### सारिका सैनी



समाज गौरव शामली की सारिका सैनी को गृह मंत्रालय Deputy central intelligence officer (DCIO) in Intelligence Bureau (IB) में चयन हो गया है। पूरे भारत में मात्र 10 vacancy में सारिका का 8वा नंबर आया है कुछ महीने पहले( Indian engineering services) में पूरे भारत में 35 वा नंबर आया था। पूरे समाज का नाम गौरवान्वित करने के लिए सारिका को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## भारत की प्रथम महिला शिक्षिका

# मां सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि

अजमेर। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका मां सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि नारी स्वयं को तभी साबित कर सकती हैं जब तक अज्ञानता को छोड़ शिक्षा को ना अपना ले एक नारी के शिक्षा से केवल नारी का ही नहीं बल्कि अपने पूरी पीढ़ी अपने समाज के साथ पूरे देश का विकास होता है...

**मां सावित्रीबाई फुले** देश की प्रथम महिला शिक्षिका, प्रथम बालिका विद्यालय की संस्थापिका, मराठी कवियत्री, महान समाजसेविका, नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता थी, उन्होंने ही भारत में सर्वप्रथम महिला सशक्तिकरण की दिशा में शिक्षा की अलख जगाई थी। इनके बारे में जितना लिखा जाए उतना कम है। परम सम्माननीया, परमादरणीया, परमपूजनीया, परमश्रेया मां सावित्री बाई फूले को उनकी जयंती के अवसर पर पूरी संस्थान द्वारा उन्हें नमन व श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जयंती के इस अवसर पर मां सावित्रीबाई फुले मातृशक्ति कल्याण संस्थान रजि अजमेर के अध्यक्ष श्रीमती सीमा चौहान द्वारा बताया गया कि जयंती के अवसर पर 9 नंबर पेट्रोल पंप के पास स्थित समाज की शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाली मालियन पब्लिक स्कूल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सावित्री बाई फुले के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के उत्थान में शिक्षा का क्या योगदान है इन बिंदुओं को लेकर समाज के विद्यार्थियों के बीच कुछ प्रतियोगिताएं कराई गई जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता मैं क क्षा 5 से 8 के बच्चों के लिए तथा कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं के अलग-अलग ग्रुपों में प्रतियोगिताएं कराई गई जिनका चित्रकला प्रतियोगिता में विषय मां सावित्रीबाई फुले द्वारा किए गए कार्य पर चित्रण व स्वच्छता अभियान पर चित्रण तथा पर्यावरण को किस तरीके से सुरक्षित रख सकते हैं व सांस्कृतिक त्यौहार के बारे में चित्रण तथा निबंध प्रतियोगिता में मां सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर निबंध तथा समाज में व्याप्त कोई भी एक सामाजिक कुरीतियों पर रखा गया तथा वाद विवाद प्रतियोगिता रखी गई जिसका विषय समाज में मोबाइल का प्रयोग हमारे जीवन में लाभदायक है या हानिकारक है के पक्ष और विपक्ष में किया गया साथ आए हुए सभी लोगों के लिए प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम रखा गया जिन्हें जीतने वाले को प्राइस दिए गए जिसमें समाज के बच्चों ने व उनके माता- पिता ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। **प्रथम स्थान लाने वाले पांच बच्चों को स्मार्ट वॉच दी गई** कक्षा 5 से 8 वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री गोरांग कच्छवाहा द्वितीय स्थान रिशितता उबना तृतीय स्थान सुश्री शानवी चौहान व कक्षा 9 से 12 चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री यथार्थ सैनी द्वितीय स्थान हिमांशी चौहान तृतीय स्थान जानवी सैनी कक्षा 5 से 8 वर्ग में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुश्री आराध्या महावर द्वितीय स्थान सुश्री हनी कच्छावा तृतीय स्थान सुश्री प्रियांशी गढ़वाल कक्षा 9 से 12 वर्ग में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु चौहान द्वितीय स्थान विवेक जोनवाल तृतीय स्थान लक्ष्य सोलंकी कक्षा 9 से 12 वाद विवाद प्रतियोगिता प्रथम स्थान समृद्धि चौहान द्वितीय स्थान कृष्णा ढलवाल तृतीय स्थान सर्वेश भारद्वाज को दिया गया विभिन्न वर्ग के प्रतियोगिता में लगभग 110 समाज के बच्चों ने भाग लिया वह प्रतियोगिता में भाग लेने आए सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र वह शील्ड वितरित किए गए व साथ ही आने वाले सभी लोगों के लिए संस्थान द्वारा भोजन व अल्पाहार की व्यवस्था गई जयंती के इस कार्यक्रम के अवसर पर समाज के कई भामाशाह व कई गणमान्य व्यक्ति व महिला शक्तियां युवा शक्ति और समाज की लगभग हर संस्था के सदस्य इन विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर इनका हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा चौहान प्रिंसिपल सराधना गांव श्रीमती उषा कच्छावा प्रिंसिपल किशनगढ़ श्रीमती अनीता चौहान एडवोकेट उच्चतम न्यायालय श्रीमती बीना टाक पार्षद श्रीमती सुनीता चौहान अध्यक्ष जागृति संस्थान से आए गए अतिथियों को अभिनंदन पत्र और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिला शक्ति मे श्रीमती रितु सांखला, श्रीमती इंदिरा तुनवाल, श्रीमती कुमकुम कच्छावा, श्रीमती नीरू सोलंकी, श्रीमती लक्ष्मी तुनवाल, श्रीमती रेखा दगदी, श्रीमती मधु चौहान, श्रीमती कोमल टाक, श्रीमती पिंकी भाटी, श्रीमती ज्योति जादम, श्रीमती चंचल गढ़वाल, श्रीमती संतोष जादम, श्रीमती सुनैना चौहान, श्रीमती सोनू गहलोत, श्रीमती हीना जादम, श्रीमती अंजू चौहान, कुमारी सुहावनी जादम, कुमारी सलोनी चौहान, श्रीमती संतोष मौर्य, कुमारी समृद्धि चौहान, श्रीमती उर्मिला सैनी, श्रीमती ललिता माली, श्रीमती बबीता चौहान, श्रीमती हर्ष पवार, श्रीमती गीता जादम, श्रीमती मंजू चौहान, श्रीमती विजयलक्ष्मी सिसोदिया, श्रीमती बबीता टाक, श्रीमती गीता चौहान, व संरक्षक श्रीमती चंद्रकांता भाटी और भी कई मातृशक्ति इस कार्यक्रम में उपस्थित थे कार्यक्रम में विशेष सहयोग भामाशाह आदरणीय श्रीमान हनुमान प्रसाद कच्छावा, भामाशाह श्रीमान त्रिलोक जी इंदौरा, आदरणीय श्रीमान बीके. चौहान साहब, आदरणीय श्रीमान कन्हैया लाल जी भाटी, श्रीमान मनीष गढ़वाल, श्रीमान भानू प्रताप कच्छावा, श्रीमान प्रदीप कच्छावा श्रीमान रणजीत सिंह जादम, श्री विपिन जी सोलंकी, श्री पवन जी जादम, श्रीमान देवेश जी श्रीमान कैलाश जी का रहा समाज की विभिन्न संस्थाओं से आए हुए लोगों को समाज में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया उनमें श्री माखनलाल जी मारोठिया श्री सोहनलाल जी तूनवाल श्री निक्की तूनवाल श्री गजेंद्र मौर्य श्री गणेश जी टश्वक श्री हेमराज खारोलिया श्री किशोर जी भाटी श्री रवि जी उबाणा श्री हेमराज जी सिसोदिया श्री कन्हैया लाल जी सांखला श्री राजेंद्र जी टाक श्री हेमेंद्र कुमार सिंगोदिया श्री प्रदीप जी चौहान श्री तरुण जी जादम श्री रवि दगदी श्री बालमुकुंद टाक श्री कैलाश तूनवाल आदि लोगों को अभिनंदन और स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया





## माली समाज का 7 वां स्नेह मिलन व सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह का आयोजन

# छात्रावास के लिए दी जमीन, 54 कमरे बनेंगे

रानी। माली समाज का 7वां स्नेह मिलन व सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह का आयोजन जय महात्मा ब्रिगेड रविवार को सावित्री बाई फुले छात्रावास खीमेल रोड रानी में आयोजित किया। समारोह में मोती बाबा ने सावित्री बाई फुले बालिका छात्रावास खीमेल में निर्माण की योजना बताते हुए दानदाता नरेंद्रसिंह कच्छवाह रानी ने ढाई बीघा जमीन छात्रावास के लिए समर्पित की है। इस भूमि पर माली समाज द्वारा 54 कमरों का निर्माण करवाना विचाराधीन है, जिसकी लागत लगभग 7 करोड़ होगी। आगे चलकर इस छात्रावास में 100 कमरों तक बढ़ाया जाएगा, जो राष्ट्रीय स्तर का छात्रावास होगा। शिक्षा से ही विकास महरवाल ललिता एस महरवाल ने सावित्री बाई फुले जयंती समारोह में ज्योतिबा फुले को याद करते हुए कहा कि ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी व बाबा साहब अंबेडकर के गुरु थे।

उन्होंने कहा कि वे आज वकील के पद पर है, जिसका श्रेय सावित्री बाई फुले को दिया। समारोह को उषा गहलोत शिवगंज व एडवोकेट अमृत परिहार बाली ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर योगी सूरजनाथ महाराज दिव्य दरबार खीमेल, शिवरामदास महाराज, नरेंद्र कच्छवाह, पार्षद रेखा माली, मांडल सरपंच सुराराम, एडवोकेट राजेश सोलंकी, भरत चौहान, राकेश परिहार, गोविंद सोलंकी अध्यक्ष, राजकुमार सांखला उपाध्यक्ष कैलाश सोलंकी सचिव, गणपत गहलोत कोषाध्यक्ष, कानाराम सुंदेशा आदि मौजूद थे। समारोह में बालिका ज्योति माली व संध्या माली ने नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन किशनलाल कच्छवाह मांडल ने किया। रानी। माली समाज का 7वां स्नेह मिलन समारोह में मौजूद अतिथि व समाजबंधु ।

# माली समाज के 42 युवक-युवतियों के पंजीयन, 18 को होगा सामूहिक विवाह

## पंचों ने दूल्हों को क्लीन शेव व समिति की समांतर पोशाकें पहनने का किया आग्रह



शिवगंज। शहर के गोकुलवाड़ी मोहल्ला स्थित भक्त लिखमीदास जी मंदिर में रविवार सुबह 11 बजे माली समाज पांच परगनों की जनरल बैठक सामूहिक विवाह आयोजन समिति अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की। समाज के पंचों ने सामूहिक विवाह आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए गठित कमेटियों के प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किए। समिति के महामंत्री बाबूलाल परिहार तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि 21 नव जोड़ों ने पंजीयन करवाया है। पंजीयन की अवधि 20 जनवरी को समाप्त हो गई है। 6 फरवरी को शिवगंज में माली समाज के पांच परगनों की बैठक होगी। पंचों ने दूल्हों से क्लीन शेव आने, समांतर पोशाकें ही पहनकर आने एवं व्यवस्थाओं में सहयोग करवाने व समिति के नियमों की पालना करने का आग्रह किया। समाज के पंचों ने सर्व समिति से नियंत्रण एवं निरीक्षक मार्गदर्शन कमेटी के मांगीलाल गहलोत को प्रभारी, डॉ. भरत चौहान को सह प्रभारी, बारात स्वागत आवास पाणिग्रहण संस्कार कमेटी के भंवरलाल बेड़ा को प्रभारी, फुलाराम पोसालिया को सह प्रभारी, भोजन रसोड़ा व्यवस्था कमेटी के बाबूलाल गहलोत को प्रभारी, हकमाराम शिवगंज। बैठक में सामूहिक विवाह की तैयारियों पर चर्चा करते समाजबंधु । मंडोरा व मानाराम खेजडिया को सह प्रभारी, जल व्यवस्था कमेटी के नारायण लाल शिवगंज को प्रभारी, सोहनलाल भाटी को सह प्रभारी, सामग्री क्रय कमेटी के भंवर लाल देवड़ा को प्रभारी, हजारीमल सोलंकी खेजडिया को सह प्रभारी, उपहार वितरण कमेटी के गणेश राम भाटी को प्रभारी मांगीलाल टांक को सह प्रभारी, कंट्रोल एवं पूछताछ कमेटी के छोगाराम भाटी को प्रभारी, मोहनलाल परिहार सुमेरपुर को सह प्रभारी, दूल्हा दुल्हन व्यवस्था कमेटी के नरेंद्र कुमार परिहार को प्रभारी व दिलीप कुमार टांक को सहप्रभारी, पंजीयन एवं अनुदान कमेटी के अमृतलाल टांक को प्रभारी, शरद चौहान को सह प्रभारी नियुक्त किया है।



**हार्दिक बधाई**

समाज गौरव सुश्री डॉ शिवानी इंदौरा, विभागाध्यक्ष सोफिया कॉलेज, अजमेर को PhD (M) की उपाधि से सुशोभित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**हार्दिक बधाई**

श्री लिखमीदासजी सेवा संस्थान माली समाज मुम्बई के निर्विरोध अध्यक्ष सर्वसहमति से श्री किशनजी सुपत्र श्री डायारामजी परमार, बाली को चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



# हमें मिला पहला स्थायी ब्लड डोनेशन सेंटर, कभी भी आओ... कैंप लगाओ, सब फ्री

## श्रीश्री रविशंकर बोले- ये क्रांतिकारी पहल, सीएम ने कहा- राजस्थान का हर युवा रक्तदान में अग्रणी, 13 प्रमुख संस्थाएं और रक्तदाता सम्मानित

जोधपुर। निर्मल गहलोत चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से देश की पहली रक्तशाला का उद्घाटन बुधवार को श्री श्री रविशंकर ने शाम साढ़े चार बजे गांधी मैदान में किया। उन्होंने रक्तशाला को क्रांतिकारी पहल बताते हुए कहा कि गहलोत परिवार के प्रयास सच्ची मानवता की मिसाल है। 'रक्तशाला' के निर्माण और वहां मिलने वाली प्रत्येक निशुल्क सुविधा अद्वितीय रहेगी। समारोह के पश्चात श्री श्री रविशंकर ने 13 प्रमुख संस्थाओं बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान, सालासर सेवा संस्थान, ग्लोबल रिलीफ सोसायटी, लाल बूंद जिंदगी रक्षक सेवा संस्थान, सुमित्रा सेवा संस्थान, फाइनांस फेडरेशन अक्षफ इंडिया ब्लड डोनर्स, हैप्पी सेवा संस्थान, वाईएसएस ब्लड ग्रुप, सिंधु सेना संस्थान, जोधपुर ब्लड डोनर्स, रक्तवीर सेवा समिति (एमडीएम), रक्तवीर सेवा संस्थान तथा रॉयल ग्रुप के साथ ही 50 बार से अधिक रक्तदान करने वाले श्याम हुड्डा, विजय अरोड़ा, रामनिवास सिंह भाटी, सौरभ शर्मा, रमेश छाजेड़, जेठूसिंह चौहान, मनोज परिहार, गौरीशंकर बोराणा, पीटर हंस, सत्यप्रकाश सोनी, अमित जैन, राजू भाटी तथा ओमप्रकाश आचार्य का सम्मान किया। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रक्तदान जागरूकता मुहिम में भूमिका निभाने के लिए प्रयासरत 5 बालिकाओं पूजा शर्मा, भूमिका राठौड़, विधि वैष्णव, दीप्ति मिश्रा तथा निकिता बेनीवाल का सम्मान किया गया। वहीं रक्तदान करने के लिए जन-जन में जागरूकता पैदा करने के लिए 21 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकले दिल्ली के किरन वर्मा का विशेष सम्मान किया गया।

**ब्लड डोनेशन सेंटर जोधपुर की नई पहल, जीवनदान मुहिम की प्रभावी शुरुआतः सीएम** सीएम भजनलाल शर्मा ने मां भारती के जयकारे के साथ उद्‌बोधन की शुरुआत की । इस महादान को आत्म प्रेरणा से निकली आवाज बताने के साथ ही फाउंडेशन के ब्लड डोनेशन सेंटर को जीवनदान देने की मुहिम की प्रभावी शुरुआत बताया। सीएम ने कहा कि राजस्थान का हर युवा रक्तदान में अग्रणी रहता है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्त एक ऐसी चीज है जिसे पैदा नहीं किया जा सकता। इसे अनुभूत किया जा सकता है और इसे जरूरत पड़ने पर एक दूसरे को दान किया जाता है। ब्लड डोनेशन सेंटर को लेकर कहा कि यह जोधपुर की नई पहल है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने लोकार्पण कार्यक्रम को एक अनूठा संयोग बताया।







उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. निर्मल गहलोत की भूमिका को महत्वपूर्ण बताने के साथ ही समाज एवं मानवता के हित में रक्तशाला के रूप में उठाए गए इस कदम की सराहना की। समारोह में संत रामप्रसाद महाराज भी मौजूद थे।

**भजनों पर झूमे हजारों युवा-महिलाएं :-** संचालन डॉ. दिनेश गहलोत तथा कुमार गौरव ने किया। मुंबई के अमय डबली और टीम की प्रस्तुतियां भी दी। प्रभु श्रीराम के भजनों के साथ ही 'कल हो न हो', 'गुंजा सा है कोई इक 'तारा', 'नैनों ने थारी' जैसे गीतों के बाद साठ-सत्तर के दशक के लोकप्रिय गीतों 'झुमका गिरा रे', 'उड़ी जब-जब जुल्फें तेरी' इत्यादि के अलावा देश भक्ति गीतों से समा बांध दिया। टीम ने मारवाड़ी गीतों की प्रस्तुति दी। हजारों युवाओं सहित महिलाएं भजनों पर झूमती नजर आई। समारोह में पाली के सांसद पीपी चौधरी, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सदस्य राजेंद्र गहलोत, सूरसागर के विधायक देवेंद्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, दक्षिण महापौर वनिता सेठ, महापौर उत्तर कुंती परिहार, नारायण पंचारिया, जसवंतसिंह विश्नोई, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। वहीं श्रीपाल लढ़ा, नरेश सुराणा, सत्य नारायण धूत, महेंद्र दवे, नितिन पंवार, एके मलिक इत्यादि मौजूद थे।

**1 घंटे में 100 यूनिट ब्लड का डोनेशन हो सकेगा :** रक्तदान शिविर करवाने या रक्तदान के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करवाने के साथ ही रक्तशाला एप के जरिए आवेदन करके रजिस्ट्रेशन करके कैंप आयोजित कर सकेंगे। रक्तशाला में 1 घंटे में 100 यूनिट ब्लड डोनेशन करने के साथ ही एक व्यक्ति 5 से 6 मिनट ब्लड डोनेट कर सकेगा। सेंटर में 1, 34000 रुपए की लागत वाली ब्लड कलक्टर मशीन से स्वत ही 350 एमएल ब्लड






कलेक्ट होने के बाद मशीन अलर्ट देगी और बंद हो जाएगी।

**रक्तशाला की तीन प्रमुख विशेषताएं:**

1. हर बैंड के पास ब्लड कलक्टर मॉनिटर मशीन लगेगी यहां पर 13 बेड पर हाइटेक ब्लड कलक्टर मॉनिटर मशीन लगेगी। यह रक्तदाता से एक बार में मिलने वाली रक्त की मात्रा (450 एमएल) उपलब्ध होने पर स्वत: ही ब्लड की सप्लाई रोक देने में सक्षम होगी। इसके अलावा यह मशीन ब्लड सप्लाई का समय, क्वांटिटी तथा ब्लड फ्लो को भी मॉनिटर करने और ब्लड में मौजूद आरबीसी प्लाज्मा सहित तत्वों को मिश्रित भी कर सकेंगी।

2. **एप बनेगा, कोई भी व्यक्ति संस्था शिविर के लिए बुकिंग करवा सकेंगे:** रक्तशाला एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति/संस्था या अन्य आयोजनकर्ता रक्तदान शिविर लगाने के लिए पूर्व बुकिंग करा सकेंगे। शिविर के लिए स्थान निशुल्क मिलेगा। देश भर में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के ब्लड ग्रुप की आवश्यकता पड़ने पर रिक्वेस्ट भेज सकेगा तथा वह रिक्वेस्ट मैसेज योग्य डोनर्स के पास स्वत: ही पहुंच जाएगा। यह एप कैंप में वन स्टेप में अपना रजिस्ट्रेशन करने जैसी सुविधा भी प्रदान करेगा।

3. सीपीआर की निशुल्क ट्रेनिंग यहां पर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की निशुल्क ट्रेनिंग भी दी जाएगी। सडन कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित व्यक्ति का जीवन बच सकेगा।

**अस्पतालों में रक्त संग्रहण की कमी को दूर करने में मिलेगी मदद**

फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि रक्तशाला के माध्यम से अस्पतालों में रक्त संग्रहण की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी। स्थाई ब्लड डोनेशन सेंटर की सुविधा होगी। एक ही बिल्डिंग में सभी आवश्यक सुविधाएं होंगी। हर रक्तदाता को मेडिटेशन करवाया जाएगा। युवा रक्तदाताओं को 16 संस्कारों की थीम के साथ रक्तदान का महत्व समझाया जाएगा। कंप्यूटर पर रक्तदाताओं का पूर्ण रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।

**50 बार से अधिक रक्तदान करने वाले व 13 संस्थाएं सम्मानित हुई:** बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान सालासर सेवा संस्थान, ग्लोबल रिलीफ सोसायटी, लाल बूंद जिंदगी रक्षक सेवा संस्थान, सुमित्रा सेवा संस्थान, फाइनांस फेडरेशन अक्षफ इंडिया ब्लड डोनर्स, हैप्पी सेवा संस्थान, वाईएसएस ब्लड ग्रुप, सिंधु सेना संस्थान, जोधपुर ब्लड डोनर्स, रक्तवीर सेवा समिति, रक्तवीर सेवा संस्थान, रॉयल ग्रुप को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 50 बार से अधिक रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह हजारों लोगों की उपस्थिती रही। सभी के अलपाहार की व्यवस्था भी की गई थी।

# लक्ष्य बनाकर करें पढ़ाई - डॉ. तुषार सैनी




मेरठ। युवाओं को प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक और इंजीनियर बनने के लक्ष्य के साथ पढ़ाई करनी होगी। शिक्षा से ही समाज और देश आगे बढ़ेगा। बेटों के साथ साथ बेटियों को भी शिक्षा में आगे लाना होगा। यह बात डॉ. तुषार सैनी ने रविवार को मलियाना स्थित सैनी धर्मशाला में राष्ट्रीय सैनी जागरूकता संघ के तत्वावधान में आयोजित सैनी युवा सम्मेलन में छात्र-छात्राओं को दी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी और चिकित्सक बनने के लिए धन की नहीं बल्कि मेहनत की जरूरत है। समाज के गरीब परिवारों के होनहार बच्चों को किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन और सहयोग दिया जाएगा। अधिकांश एकेडमी के डायरेक्टर दीपक सैनी ने कहा कि इंजीनियर, चिकित्सक या कोई अधिकारी बनने के लिए बच्चों को 10वीं कक्षा से ही लक्ष्य निर्धारित करना होगा। 11वी और 12 की परीक्षा में अच्छे अंक लाने के साथ साथ आईआईटी, जेईई, नीट की तैयारी करनी होगी।

अजय सैनी ने कहा कि जो बच्चे आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग और चिकित्सक की पढ़ाई करने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, वे स्टेनोग्राफी आदि की पढ़ाई करके भविष्य बना सकते हैं। मास्टर ओमपाल सैनी, डॉ. सुनीता सैनी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने महापुरुषों और क्रांतिवीरों का इतिहास भी जानना चाहिए। अर्पित सैनी, नितिन सैनी ने इंजीनियरिंग, रीना सैनी, शुभम सैनी ने सिविल सेवा, नीशू सैनी, निशा सैनी, रिया सैनी ने आईएएस की परीक्षा में सफलता को लेकर सवाल किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनी जागरूकता संघ के जिलाध्यक्ष भरत सिंह सैनी, उपाध्यक्ष इंद्रपाल सैनी, मीडिया प्रभारी सुमित सैनी एडवोकेट, लेखराज सैनी, जयप्रकाश सैनी, मंगल सिंह सैनी, भोपाल सैनी, राजवीर सैनी, नरेश सैनी, गोपाल सैनी, मनोज सैनी आदि मौजूद रहे।

## पहली बार असाइनमेंट के दौरान मिली थी उन बच्चियों से जिनकी पढ़ाई छूट गई थी

## ड्रॉपआउट बेटियों को फिर शिक्षा से जोड़ रही हैं भाग्यश्री

जयपुर। ड्रॉपआउट बेटियों को फिर से शिक्षा से जोड़ने के अभियान में लगी है भाग्यश्री सैनी।

वह अब तक 3600 बेटियों को शिक्षा से फिर से जोड़ चुकी है। मूल रूप से सीकर की भाग्यश्री फिलहाल जयपुर में रहती है वह बताती है कि वह एक असाईमेन्ट के दौरान वह ड्रॉपआउट बेटियों से पहली बार मिली जो पढ़ना चाहती थी लेकिन किन्हीं कारणों से पढ़ नहीं सकती। ऐसे में इन बेटियों को शिक्षा देने के लिए उन्होंने अपने स्तर पर ही अनसंग स्टार्स अभियान शुरू किया।

**इंद्रधनुष अभियान भी चलाती है**

वह अपनी टीम के साथ मिलकर उन बेटियों के लिए इंद्रधनुष अभियान भी चला रही है जिसके तहत समय समय पर मेडिकल हैल्थ चेकअप कैम्प लगाये जाते है। उन्हें सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही पुलिस संवाद भी करवाया जाता है अस्मिता कार्यक्रम के तहत महिलाओं के उनके लिए आवश्यक सामान उपलब्ध भी करवाये जाते है।




**मेरा जज्बा :**
भाग्यश्री ने 146 बेटियों को गोद लेकर उन्हें पढ़ाना शुरू किया। इस दौरान कई समस्याएं आई लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

# 48 की उम्र में 87 साल की राजस्थानी लेखिका से प्रेरित हुए

## 28 डिग्री और डिप्लोमा के साथ शिक्षा की अलख जगा रहे 'रसगुल्ला वाले अंकल'

जोधपुर। जिले का लूणी रेलवे स्टेशन। यहां ट्रेन रुकती है तो ट्रोली नम्बर 25 और बैच नम्बर 786 पर आपको रसगुल्ले व अन्य सामान बेचते मिलेंगे अशोक भाटी। उम्र 68 साल है, लेकिन हौसला 18 साल के नौजवान जैसा। यह हौसला इसलिए भी खास है, क्योंकि इन्होंने अपने अंदर शिक्षा की अलख अब तक जगा रखी है। अब तक 28 से ज्यादा डिग्री व डिप्लोमा हासिल कर चुके हैं। यह सिलसिला अभी थमा नहीं है, अब 29 वें डिप्लोमा के लिए लगाता संघर्ष जारी है। अशोक भाटी का शिक्षा के प्रति यह लगाव शुरू से था। लूणी में 11वीं तक पढ़ने के बाद कॉलेज व विवि के लिए जोधपुर आए। बी.कॉम किया व बाद में एलएलबी भी। बी.कॉम करने के साथ ही उनकी नौकरी बैंक में लग गई। लेकिन काफी हार्ड वर्क था और 14 घंटे काम करना पड़ता था, तो उन्होंने नौकरी छोड़ दी। इसके बाद वे अपने पिता के साथ पुश्तैनी काम रसगुल्ला बनाने में लग गए। 1980 में पहले पिता के साथ और फिर पिता के देहांत के बाद खुद ही रेलवे स्टेशन की इस ट्रोली को संभाल रहे हैं। पूरे स्टेशन पर और वहां से गुजरने वाले जाने-पहचाने यात्रियों के लिए यह अशोक अंकल के नाम से मशहूर हैं।

**अभी जारी है सफर** भाटी कहते हैं कि पढ़ाई का उनका सफर जारी है, 29 वां डिप्लोमा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल डवलपमेंट है, जो वह पास कर चुके हैं और प्रोजेक्ट सब्मिट करने के बाद औपचारित रूप से डिप्लोमा डिग्री आ जाएगी। नए विषय में एमए करने की सोच रहे हैं। घर पर रसगुल्ला बनाने और स्टेशन पर बेचने के बाद जो समय मिलता है, उसमें वह पढ़ाई ही करते हैं।

**शिक्षा का साथ जीवन पर्यन्त बनाए रखेंगे** भाटी बताते हैं कि 2003 में उन्होंने बीजेएमसी की डिग्री कोटा खुला विश्वविद्यालय से की थी। यह उनकी तीसरी डिग्री थी। तब वे गोल्ड मैडलिस्ट थे और राज्यपाल के हाथों उन्हें सम्मानित किया गया था। उस कार्यक्रम में उनको राजस्थानी लेखिका लक्ष्मी देवी चूड़ावत मिलीं, जो कि उस समय 87 साल की थीं। उन्हें दो आदमी पकड़ कर लाए थे और उन्हें पीएचडी की डिग्री मिली थी। तभी से उन्होंने ठान लिया था कि वे शिक्षा का यह साथ जीवन पर्यन्त बनाए रखेंगे।



**ये डिग्रियां व डिप्लोमा हैं भाटी के पास**

**बेचलर डिग्रियां :** बी.कॉम, एलएलबी, बीजेएमसी।

**मास्टर डिग्रियां:** एम.कॉम, एमए पॉलिटिकल साइंस, एमए सोशियोलॉजी, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमए इतिहास

**पीजी डिप्लोमा:** पीजी डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन गांधियन नोन वायलेंट कॉन्फलिक्ट, पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग, पीजी डिप्लोमा इन वेल्यू एजुकेशन एंड स्पीरिचुअलिटी, पीजी डिप्लोमा इन योगा साइंस ।

**डिप्लोमा:** डिप्लोमा इन लेबर लॉ एंड प्रेक्टिस, डिप्लोमा इन टेक्सेशन लॉ एंड प्रेक्टिस, टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट, वाटरशेड मैनेजमेंट, सोशल प्रोब्लम इन राजस्थान, न्यूट्रीशिसन एंड हेल्थ एजुकेशन, टूरिज्म मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, कल्चरल टूरिज्म, डिप्लोमा इन अप्रभाषा लैंग्वेज, जनरल एग्रीकल्चर, डिप्लोमा इन प्राकृत लैंग्वेज, लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन साइंस, नेचुरोपैथी साइंस, डिप्लोमा इन योगा साइंस।

## प्रभु श्रीराम के 18वें पूर्वज महाराजा भगीरथ के नाम पर है

# भुमिया पुल की सैनी धर्मशाला

मेरठ। महाराजा भगीरथ प्रभु श्रीरामचंद्र के 18वें पूर्वज थे। महाराजा भगीरथ के नाम पर पुराना शहर स्थित भुमिया पुल पर श्री भागीरथी सैनी धर्मशाला है, जिसे सूर्यवंशी क्षत्रियों ने एक फरवरी 1960 को बनवाया बाहर 34 दुकानें संचालित हैं तो अंदर शादी व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा पर धर्मशाला के मुख्य द्वार समेत सभी 34 दुकानों के शटर व छज्जे को केसरिया रंग में सजाया गया है। प्रभु श्रीराम को अपने कुल का ईष्ट देव बताने वाला सैनी समाज धर्मशाला की व्यवस्था संभालता है।

धर्मशाला में सेवा कार्यो के उद्देश्य से बहुत ही कम खर्चे पर निर्धन कन्याओं के विवाह या अन्य मांगलिक कार्यक्रम के लिए बुकिंग होती है। राम मंदिर निर्माण हमारे समाज के लिए गर्व की बात है।

**- सोहनलाल भगतजी**

महाराजा भगीरथ केवल प्रभु श्रीराम के पूर्वज ही नहीं थे । उन्होंने तपस्या कर मां गंगा को पृथ्वी पर अवतरित किया और अपने पूर्वजों को मुक्ति प्रदान कराई।

**-प्रेमचंद सैनी**

लगभग 500 गज में बनी श्री भागीरथी सैनी धर्मशाला के लिए अंतराम ने भूमि



भुमिया पुल स्थित श्री भागीरथी सैनी धर्मशाला पर सजा केसरिया रंग

समर्पित की थी। एक फरवरी 1960 को सूर्यवंशी कुल के लोगों ने इसका निर्माण कराया। पूरा सैनी समाज सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम आयोजित करेगा।

**- कौशल किशोर**

भगवान श्रीराम के पूर्वजों में महाराजा भगीरथ भी हैं। प्राचीन काल से क्षत्रियों में सूर्यवंशी व चंद्रवंशी दो मुख्य कुल थे। उनसे जुड़ाव मानना सौभाग्य की बात है।

**- आचार्य वाचस्पति**

समन्वयक, संस्कृत विभाग, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय ने बताया की मेरे सामने यह धर्मशाला बनी। भुमिया पुल पर सैनियों वाला मोहल्ला, माधवपुरम के पास ऊंचा टीला समेत कई स्थानों पर सैनी समाज के सूर्यवंशी क्षत्रिय परिवार रहते हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सभी उत्साहित हैं।

# हम प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए कुरीति मुक्त समाज बनाएं तभी होगा समाजोत्थान

## डॉ.निर्मल गेहलोत ने सुथारो का गुड़ा में माली समाज गोडवाड युवा संस्थान सादड़ी के तत्वावधान में आयोजित 17वें प्रतिभा सम्मान समारोह में व्यक्त किए

सादड़ी। संस्कार युक्त शिक्षा समय की मांग –डॉ.निर्मल गेहलोत संस्कार युक्त शिक्षा समय की मांग है, हम प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए कुरीति मुक्त समाज बनाएं तभी समाजोत्थान होगा। उक्त उद्गार उत्कर्ष क्लासेज के फाउंडर व सीईओ डॉ.निर्मल गेहलोत ने सुथारो का गुड़ा में माली समाज गोडवाड युवा संस्थान सादड़ी के तत्वावधान में आयोजित 17वें प्रतिभा सम्मान समारोह में व्यक्त किए। डॉ.गेहलोत ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा के संरक्षण संवर्धन की जिम्मेदारी समाज की होती है, माली समाज गोडवाड युवा संस्थान अपने इस सामाजिक सरोकार का निर्वहन कर रहा है। ज्योति बा फुले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती बाबा फुले ने कहा कि सामाजिक उत्थान में माली समाज गोडवाड युवा संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है,हम भी इनसे जुड़कर समाज में शिक्षा की अलख जगाएं। बाणमाता सेवा संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र गेहलोत ने शिक्षा शेरनी का दूध है जो पिएगा वह दहाड़ेगा। आई आर एस हरीश कुमार ने कहा कि समाज में शिक्षा से महिला सशक्तिकरण होता है। हमें महिला शिक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए। मांगीलाल टाक ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम की जानकारी दी। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी भामाशाह रतनलाल टाक ने की। बाल संत शिवराम दास महाराज के करकमलों से महात्मा फुले सावित्रीबाई फुले व संत शिरोमणि लिखमीदासजी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से शुरू हुए इस प्रतिभा सम्मान समारोह में सर्वप्रथम युवा संस्थान के सह संरक्षक शांति लाल देवड़ा व अध्यक्ष किशनलाल देवड़ा के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया गया। माली समाज गोडवाड युवा संस्थान के संरक्षक विजय सिंह माली ने माली समाज गोडवाड युवा संस्थान की गतिविधियों का परिचय दिया तथा समाज को शिक्षित विकसित समाज बनाने के लिए भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर माली समाज गोडवाड युवा संस्थान की ओर से डॉक्टर निर्मल गेहलोत को महात्मा फुले सेवा सम्मान ,हरीश कुमार को महात्मा फुले शिक्षा सम्मान, रतन लाल टाक को महात्मा फुले समरसता सम्मान तथा श्रीमती विमला देवी गेहलोत को महात्मा फुले महिला सशक्तिकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।

श्रीमती विमला गेहलोत व डॉ. निर्मल गेहलोत के कर कमलों से बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लेपटॉप व स्वर्ण पदक से तथा कक्षा 6से स्नातकोत्तर कक्षाओं में अव्वल रहने वालों को रजत पदक देकर सम्मानित किया गया। समारोह में 221प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मांगी लाल परिहार, खीमाराम, रुपाराम परिहार, शिवलाल परिहार, देवाराम, बाबूलाल गेहलोत, विरदा राम सैनी, ढगलाराम बागडी, सुरेश टाक , शिवरतन, दिनेश गेहलोत, फूलचंद गेहलोत, कविता गेहलोत आदि अतिथियों का तथा भामाशाह राजी बाई गेहलोत, दिनेश टाक, मांगीलाल गोयल, देवी बाई गेहलोत, गंगा राम गेहलोत, मोहनलाल गोयल, मांगीलाल गेहलोत, कांतिलाल गेहलोत,नरेश तंवर, पोकर राम, हिम्मत परिहार, मदन परिहार, शेषाराम गेहलोत, सुरेश कुमार, गणेश मंडोरा, भीखाराम, हिम्मत गेहलोत, रतनदेवी, दिनेश, श्रवण गोयल आदि भामाशाहो का भी माली समाज गोडवाड युवा संस्थान की ओर से बाहुमान किया गया। माली समाज गोडवाड युवा संस्थान के संरक्षक विजय सिंह माली के आह्वान पर अगले वर्ष होने



वाले 18वें प्रतिभा सम्मान समारोह की व्यवस्थाओं की भी भामाशाहो ने घोषणा की।

माली समाज गोडवाड युवा संस्थान के कोषाध्यक्ष जसराज गेहलोत, खेता राम गोयल, पन्ना लाल गेहलोत, रमेश देवड़ा, अमृत गेहलोत, शंकरलाल परिहार, गिरधारी लाल देवड़ा, राजेश देवड़ा, नरपत गेहलोत, चौनाराम गेहलोत, रमेश सांखला ने समारोह की व्यवस्था संभाली। मंच संचालन कालूराम गोयल ने किया। उल्लेखनीय है कि माली समाज गोडवाड युवा संस्थान अपनी स्थापना से ही शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन तथा समरसता के ध्येय के साथ समाजोत्थान में जुटा हुआ है।





श्रीमती सीमा भाटी (सैनी) उर्दु साहित्य की वरिष्ठ लेखिका

# " इबारत एक महफिल "का विमोचन और परिचर्चा का आयोजन




बीकानेर। इबारत एक महफिल महज एक संकलन नहीं है वरन एक ऐसा युगीन दस्तावेज है जो ना केवल दुर्लभ है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतरीन शोध सामग्री का स्रोत भी है। यह कहना था डॉक्टर सीमा भाटी का जो अस्मत अमीन हाउस , अमरसिंहपुरा में इबारत एक महफिल किताब के विमोचन और परिचर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित थी । डॉक्टर सीमा भाटी ने कहा कि ऐसी शोध से सृजित किताबें समाज का आईना होती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में अपने स्वागत उद्‌बोधन में हाजी जिया उर रहमान आरिफ ने कहा की उनके पिता मोहम्मद जमान आरिफ जिन्होंने इस किताब के लिए आलेख लिखे थे उनके जीवन काल में यह किताब नहीं आ सकी इसका अफसोस हमेशा रहेगा लेकिन अब क्योंकि उनको श्रद्धांजलि स्वरुप यह किताब समाज को अर्पित कर रहे हैं तो निश्चित रूप से यह किताब युवाओं के लिए प्रेरक होगी। इबादत एक महफिल कृति पर पत्र वाचन करते हुए नदीम अहमद नदीम ने किताब को अनछुए पहलुओं से ओत प्रोत बताते हुए कहा की जमान साहब ने शायरों और कवियों का सिर्फ कलाम ही संकलित नहीं किया वरन उनकी जीवनियां भी संक्षिप्त में पाठकों के लिए लिखी है, जो पाठको की जिज्ञासाओं को शांत करती है। इबारत एक महफिल पर अपने विचार प्रकट करते हुए आ नूरुल हसन मदनी ने कहा कि शीघ्र ही इस किताब का दूसरा भाग भी प्रकाशित किया जाएगा क्योंकि यह किताब साहित्यिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण किताब है जो शोधकर्ताओं के लिए लाभप्रद भी है। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डाइट में उप्राचार्य मोहम्मद मूसा ने कहा की सोशल मीडिया के इस युग में कागज पर लिखी इबारत और उसकी खुशबू हम महसूस कर पा रहे हैं यह हमारे लिए एक उम्मीद की किरण कहीं जा सकती है। सोशल प्रोगेसिव सोसायटी बीकानेर द्वारा इस अवसर पर नूरुल हसन मदनी और जियाउर रहमान आरिफ का सम्मान किया गया । संस्था की ओर से रवि पुरोहित, इसरार हसन कादरी , शमशाद अली, डॉक्टर आदित्य शर्मा, अजय सहगल, घनश्याम गहलोत, मोनिका गौड़, मनीषा आर्य सोनी, अरमान नदीम ने माल्यार्पण, श्री फल और साहित्य भेंट कर संकलनकर्ताओं का सम्मान किया ।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए साहित्यकार आत्माराम भाटी ने किताब पर अपनी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह किताब साहित्यिक विरासत का एक बेहतरीन नमूना है। कार्यक्रम में अजय सहगल, संजय जनागल, इसरार हसन कादरी, रवि पुरोहित, आत्माराम भाटी, शिवनाम सिंह, डॉक्टर मोहम्मद फारूक चौहान, मोहम्मद जफर, अल्लाह दीन निर्बान, घनश्याम गहलोत, रऊफ राठौड़, मुफ्ती सद्दाम हुसैन, असद अली असद, रिजवान, डॉक्टर आदित्य शर्मा, विजय शर्मा, बाबूलाल छंगाणी बमचक्री, मनीषा आर्य सोनी, मोनिका गौड़, मकसूद हसन कादरी, शमशाद अली, आजिम हुसैन, तसनीम बानो, अरमान नदीम की गरिमामय उपस्थिति रही। अतिथियों आभार व्यक्त करते हुए सोशल प्रोग्रेसिव सोसायटी के साहित्यिक प्रभारी इमरोज नदीम ने कहा की उपयोगी और बेहतरीन किताबें उपलब्ध करवाना संस्था का सर्वोच्च उद्देश्य है ।



**श्रीमती सीमा भाटी (सैनी) जीवन परिचय**

नाम : श्रीमती सीमा भाटी (सैनी) (उर्दू अध्यापिका)
पति का नाम : श्री चन्द्रेश गहलोत
जन्मतिथि : 4 मई, 1972
शिक्षा : एमए (उर्दू) वर्तमान में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से उर्दू शुअरा - ए - अदब विषय पर पी. एच. डी. सम्बीशन
रूचि : नज्म, अफसाने, आलेख लेखन व उपन्यास

**प्रकाशित साहित्य**

कहानी संग्रह महीन धागे से बुना रिश्ता
राजस्थानी कविता संग्रह 'पैल दूज'
राजथानी उपन्यास 'हेत री हूंस जुलाई 2019 प्रकाशित
राजस्थानी उपन्यास 'आस री डोर' 2022 में प्रकाशित

**विशेष:**

राजस्थानी, उर्दू व हिन्दी में समान रूप से लेखन । विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में नज्म व आलेख प्रकाशित। सेमनारों पत्र - वाचन, निर्णायक तथा कार्यक्रम का संचालन। दूरदर्शन व आकाशवाणी से संबद्ध । अब तक लगभग 19 कृतियों की समीक्षा व पत्रवाचन । बीकानेर के रचनाकारों पर केंद्रित 'कथासंग्रह' के तीन अंक में लगातार प्रकाशन । वर्ष 2014 मे राजस्थानी कहानियों का उर्दू अनुवाद । वर्ष 2015 मे मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से बीकानेर में आयोजित राजथानी-उर्दू शब्दकोश निर्माण कार्यशाला मे संदर्भ व्यक्ति (उर्दू) के रूप मे सेवाएं दी। यह शब्दकोश राजस्थानी और उर्दू के बीच भाषाई समन्वय का एक मील का पत्थर साबित होगा ।



## सम्मान व पुरस्कार

- राजस्थान उर्दू अकादमी, जयपुर का प्रतिष्ठित अल्लामा इकबाल अवार्ड (2017 यह अवार्ड उर्दू अदब से जुड़े ऐसे रचनाकार को दया जाता है, जिनकी मातृभाषा उर्दू नही है ।) नगर निगम, बीकानेर द्वारा उर्दू छशिक्षण व साहित्य - सृजन के लिए गणतंत्र दिवस सम्मान नगर विकास -2017 न्यास
- द्वारा उर्दू साहित्य सृजन सम्मान 26 जनवरी 2018
- राव बीकाजी संस्थान, बीकानेर से उर्दू भाषा मे साहित्य सृजन हेतु विशिष्ट प्रतिभा पुरस्कार- 2015
- राजस्थान पत्रिका का उर्दू साहित्य क्षेत्र का कर्णधार समान - 2016
- दैनिक भास्कर द्वारा उर्दू शिक्षण के लिए शिक्षक सम्मान - 2017
- अब तक न्यूज चौनल की ओर से उर्दू शिक्षक - समान 2015
- नेहरू युवा केन्द्र, बीकानेर के संभाग स्तरीय सम्मेलन मे युवा रचनाकार सम्मान 2015
- माउंट में आयोजित प्रदेश स्तरीय पर्वतारोहण प्रतियोगिता मे बीकानेर का प्रतिनिधित्व
- आबू राजस्थान सीमांत क्षेत्रीय विकास संस्थान, बीकानेर द्वारा शिक्षक - रत्न सम्मान - 2013
- समाज सेवी सरला देवी शर्मा महिला स्मृति द्वारा उर्दू साहित्य सम्मान 2019
- लोक जागृत संस्थान द्वारा उर्दू साहित्य मे रामरतन कोचर सम्मान 2019
- प. मोतीलाल जोशी स्मृति एवं राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2018
- 92.7 बिग एफ.एम. बीकानेर की ओर से शिक्षक दिवस पर बिग गुरू सम्मान 2018
- पिल्लस ऑफ इंस्पिरेशन एवं पारीक महिला समिति, बीकानेर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति सम्मान 2019
- स्वास्थ्य एवं साहित्य संगम कवि चौपाल द्वारा रचनाकार सम्मान 2019
- उर्दू शिक्षा के उन्नयन में योगदान के लिए गालिब अकेडमी दिल्ली में उर्दू शिक्षक राष्ट्रीय सम्मान-2023
- राज्य स्तरीय सावित्री बाई फूले सम्मान - 2023, जयपुर

**अब तक के उल्लेखनीय पत्रवाचन व पाठकीय टिप्पणी**

- वरिष्ठ साहित्यकार श्री मधु आचार्य आशावादी का राजस्थानी उपन्यास 'गवाड'
- वरिष्ठ कहानीकार श्री ननमोहन सिंह यादव के काव्य संगह भीड़ से अति दूर'
- वरिष्ठ कवयित्री - कहानीकार डॉ. ऊषाकिरण सोनी का कहानी संग्रह 'काम्या'
- वरिष्ठ कहानीकार श्रीमती संगीता सेठ का संस्मरण 'मेरी बर्लिन यात्रा'
- वरिष्ठ शाईर साहिल और शाईर कासिम बीकानेरी का शैरी मज्मुआ 'मेरी अपनी भी एक दुनिया है'
- वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. त्रिलोकचंद ठकराल के लघुकथा संग्रह 'समसामधिक

**लघुकथाएं**

- वरिष्ठ रंगकर्मी आनंद वि. आचार्य का नाटक 'काया में काया'
- वरिष्ठ साहित्यकार श्री मधु आचार्य आशावादी के हिन्दी उपन्यास ''थर्ड एसी '' पर की पाठकीय समीक्षा।

कवयित्री - कहानीकार डॉ. मेघना शर्मा के कहानी संग्रह 'रिश्तों की वसीयत'

कवयित्री-कहानीकार संजू श्रीमाली के कहानी संग्रह 'एक औरत का सफरनामा'

कवयित्री-कहानीकार रितु शर्मा के कहानी संग्रह 'वजूद का रंग और अन्य कहानियां'

कहानीकार मनीष गहलोत का लघुकथा संग्रह 'मां का जज्बा'

दिल्ली की प्रख्यात लेखिका प्रितपाल कौर द्वारा संपादित कहानी संकलन परिवेश का स्वर'

वरिष्ठ साहित्यकार श्री मधु आचार्य आशावादी का हिन्दी काव्य संग्रह 'घड़ी की सुईया' व बाल उपन्यास सूरजमुखी'

विश्व महिला दिवस 2020 को केन्द्रीय साहित्य अकेडमी दिल्ली की तरफ से अगरतला (त्रिपुरा) में राजस्थानी भाषा का रिप्रजेन्ट

विश्व महिला दिवस - 2022 को केन्द्रीय साहित्य अकेडमी दिल्ली की तरफ से उड़ीसा में राजस्थानी भाषा का रिप्रजेन्ट

वर्ष 2022 में साहित्य अकादमी दिल्ली की तरफ से अमृतसर में आयोजित राजस्थानी और पंजाबी भाषा की कहानी अनुवाद कार्यशाला में रिप्रजेन्ट

उर्दू साहित्य अकादमी दिल्ली से पुरस्कृत व प्रतिष्ठित किताब 'आवारा सज्दे' (लेखक कैफी आजमी) का राजस्थानी साहित्य अकादमी दिल्ली की तरफ से राजस्थानी में अनुवाद किया।

**संप्रति :** उर्दू शिक्षिका, शिक्षा विभाग, राजस्थान

**पता:** श्रीमती सीमा भाटी (सैनी) पत्नी श्री चंद्रेश गहलोत जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सैनी समाज, कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान, राजस्थान (बीकानेर)
प्रदेशाध्यक्ष कौमी उर्दू शिक्षक, कर्मचारी संघ (राजस्थान)
चांदनी होटल वाली गली, राणीसर बास, बीकानेर मो. : 09414020707




5वें विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन
की मल्टीकलर पुस्तिका मंगवाने के लिए सम्पर्क करें

मो. : 9414475464

### महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण दिल्ली की आमसभा सम्मेलन

# फुले दंपती के आदर्शो को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान के प्रयासों की सरहाना

सादड़ी। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण दिल्ली की आमसभा सम्मेलन गंगाराम गहलोत के रणकपुर सादड़ी रोड फार्म हाउस में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता गंगाराम गहलोत राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा की गई। हिम्मत कस्तूरजी गहलोत 97 वर्ष द्वारा शिक्षा, सामाजिक आध्यात्मिक उत्थान में दिए योगदान के लिए अभिनंदन किया। उन्होंने इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के लिए संस्थान की सराहना की। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य राजेंद्र गहलोत ने शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा फुले दंपत्ति के आदर्शो को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

राजस्थान के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी रिटायर ओ पी सैनी ने संस्थान द्वारा प्रारंभ यूपीएससी छात्रावास दिल्ली में विद्यार्थियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए प्रशंशा की। साथ ही कौशल विकास की योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया और संस्थान की गतिविधियों की सराहना की। रीको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने सारगर्भित शब्दों में कहा कि फुले दंपति के आदर्शों को देश का मानव समाज यदि अपना ले तो उनके विकास के मार्ग को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने समाज को सामाजिक शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। संस्थान की गतिविधियों की सराहना की। मानव समाज को दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। संस्थान की भावी योजनाओं के लिए संपूर्ण सहयोग करने के लिए आगे आए। प्रारंभ में संत लिखमीदास महाराज, सामाजिक शैक्षणिक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले, ज्ञान ज्योति सावित्रीबाई फुले के चित्र पर अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

सम्मेलन शुभारंभ क्रौंति ज्योति प्रज्वलित कर हुवा। महासचिव द्वारा महात्मा फुले द्वारा रचित प्रार्थना सामूहिक रूप से कराई। राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम गहलोत ने अतिथियों, देश के विभिन्न अंचलों से आए हुए सम्मानित प्रतिनिधियों, उपस्थित महानुभावोंए मातृशक्ति का स्वागत किया। संस्थान के महासचिव रामनारायण चौहान ने संस्थान की स्थापना से सभा में प्रस्तुत किया। संस्थान कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा ने संस्थान की स्थापना से लेकर अभी तक की आय व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्थान द्वारा मुखर्जी नगर में यूपीएससी के लिए क्रय किए छात्रावास की जानकारी प्रदान की प्रतिनिधियों ने स्वीकृति प्रदान की। सभा में महात्मा फुले द्वारा प्रकाशित समाचार पत्र शिक्षा इशारा जो कि अब संस्थान द्वारा वर्तमान में प्रकाशित है के अंक, गजानंद रामी द्वारा वनमाली पत्रिका उज्जैन, सत्यनारायण कछावा द्वारा माली मंथन पत्रिका उज्जैन के अंक का अतिथियों ने विमोचन किया। माली संस्थान जोधपुर के संरक्षक देवीचंद देवड़ा द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योगदान एवं समाज को शिक्षित होने का आह्वान किया। के गंगाराम गहलोत बने राष्ट्रीय अध्यक्ष: सभा में संस्थान के आगामी 5 वर्षो के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम गहलोत को सर्वानुमति से चुना गया। संस्थान के शेष पदाधिकारी का पारित किए गए। भारत में जाति जनगणन ओबीसी आयोग को समाज की सभी संस्था कराई जाने और माली, सैनी, कुशवाहा समाज को अति पिछड़ा समाज की श्रेणी में शामिल प्रतिवेदन देने का प्रस्ताव पास हुआ। **ये रहे मौजूद** ग्यारसी लाल सैनी, आर नारायण यादव समाज अध्यक्ष, मुन्नासिंह व मकवाना, मोहन पटेल, भगवती माली, लोकेश वर्मा, कैलाश पटेल, राजेश बिंज भगवती माली, एड पी सी हरोड़े, लोकेश प्रदेश, मोतीबाबा फुले, राधाकृष्ण तंवर, एडवोकेट बाबूलाल माली अपर लोक अ एडवोकेट छगनलाल गहलोत, एडवोकेट एडवोकेट दिनेश माली,




एडवोकेट शंकर देवड़ा अध्यक्ष, फुल माली सादड़ी, अमृतला माली, रणछोड़ सैनी, सुरेश सैनी, हनुमान माली, राजस्थान से प्रीतम सिंह सैनी, सु जम्मू, कमलेश गहलोत, सुरेश माली, प्रक गुजरात, अशोक वेलाजी गहलोत तेलंगाना भाटी, मोहिनी देवी, देवेंद्र परिहार, एड दिनेश परिहार अध्यक्ष फालना आदि ने अतिथियों व संचालन महासचिव राम नारायण चौहा शिक्षण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष शंकर राव लिंग लेकर अब तक की गतिविधियों और कार्य योजना का प्रतिवेदन चयन करने का दायित्व राष्ट्रीय अध्यक्ष को सोपा गया। संस्थान परिहार ने किया। आभार संयुक्त सचिव व महाराष्ट्र ने संस्थान की स्थापना के साथ ही फुले दंपति द्वारा के विधान में संशोधन प्रस्ताव आए। जिन्हें सवार्नुमति से प्रकट किया।

# फिजूल खर्ची विहीन सादगी से सम्मेलन संपन्न

सादड़ी। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आमसभा सम्मेलन के अध्यक्ष गंगाराम गहलोत के फार्म हाउस में देश भर के प्रतिनिधियों एवं अतिथियों का समान रूप से गुलाब का फूल और तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। प्राय: राजस्थान में प्रचलन है अतिथियों को साफा पहनाने, मालाएं पहनाने की परंपरा है। इस पर विराम लगाने का एक नया उदाहरण पेश हुआ। मंच पर किसी भी अतिथि को आयोजन की ओर से साफा पहनकर मान देने पर विराम लग गया।

इसी प्रकार महत्व संत लिखमीदास महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। क्रांति ज्योति दीप प्रज्वलित कर केवल एक-एक गुलाब फूल से महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम गहलोत पूर्व अध्यक्ष शंकरराव लिंगे, महासचिव रामनारायण चौहान, महासचिव रामनारायण चौहान, कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। देश भर की सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार के आयोजन में फिजूल खर्ची रोककर समान रूप से सभी अतिथियों प्रतिनिधियों का मान सम्मान प्रतीक रूप में किया जा सकता है। समय का लाभ शिक्षाप्रद विषयों पर लिया जा सकता है। इन पर होने वाले खर्च की राशि को शिक्षा के क्षेत्र में लगाने का सिलसिला प्रारंभ हो सकता है

# माली समाज ने आर्थिक रुप से कमजोर प्रतिभाओं को गोद लेने का लिया निर्णय

## सिरोही जिला मुख्यालय स्थित छात्रावास में माली समाज 14 परगनों की हुई आम सभा



शिवगंज। माली समाज सेवा संस्थान (14 परगना) सिरोही की आम सभा जिला मुख्यालय स्थित समाज की छात्रावास में संस्थान अध्यक्ष चेताराम माली की अध्यक्षता में आयोजित की। बैठक में फिजूल खर्च रोकने, आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाओं को गोद लेने, बालिकाओं को शिक्षा के साथ संस्कार देने हर वर्ष परगनावार जिला स्तरीय प्रतिभावान सम्मान समारोह रखने समेत कई प्रस्ताव पारित किए।

बैठक का शुभारंभ सुबह 11 बजे भक्त लिखमीदासजी मंदिर में दीप प्रज्वलित व पुष्प माला पहनाकर किया। संस्थान अध्यक्ष चेताराम माली ने छात्रावास की आय व्यय व अध्ययनरत छात्रों को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं उनकी शैक्षणिक योग्यता, निर्माणाधीन डाइनिंग हश्वल, अध्ययन कक्षों में टायलेटों की मरम्मत करवाने, सोलर प्लांट लगवाने के बारे में जानकारी दी। आम सभा सभा को वेलफेयर सोसाइटी सिरोही के पूर्व अध्यक्ष रघु देवड़ा, पूर्व सभापति ताराराम माली, सामूहिक विवाह आयोजन समिति के महामंत्री बाबूलाल परिहार, माली समाज शिवगंज के पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल टांक, सावित्रीबाई फुले संस्थान की प्रदेश संगठन मंत्री उषा गहलोत व जगदीश माली ने संबोधित किया। इसमें पुरानी परंपराएं जो समाज के विकास में बाधक है, उसमें बदलाव करने, महिलाओं व लड़कियों को प्रशिक्षण देने एवं इसके अलग से कार्यक्रम रखने निर्धारित समय पर लड़कियों का विवाह करने, सामाजिक व धार्मिक परंपरागत आयोजनों की जानकारी व्यक्तिगत देने के बजाय दूरभाष पर देने पर जोर दिया। इसके पहले संस्थान के सचिव हरीराम माली ने गत बैठक की कार्रवाई का गठन किया। इसकी सदन ने सर्वसम्मति से पुष्टि की। सभा के पहले पंच पटेलों ने छात्रावास परिसर में एक करोड़ से निर्माणाधीन डाइनिंग हॉल व अध्ययन कक्षों, पुस्तकालय का अवलोकन किया।


**14 सदस्यों की बनाई चुनाव कमेटी :** आमसभा में माली समाज सेवा संस्थान 14 परगना की वर्तमान कार्यकारिणी का समय 26 दिसंबर 2024 को समाप्त होगा। इसके लिए चुनाव के लिए 14 सदस्यों की कमेटी का गठन किया। इस चुनाव कमेटी में प्रत्येक परगना से एक-एक सदस्य को कमेटी में सम्मिलित करने का निर्णय लिया।

माली समाज सेवा संस्थान सिरोही के उपाध्यक्ष कानाराम, सचिव हरिराम माली, कोषाध्यक्ष अंबालाल, उप मंत्री प्रताप राम माली उप कोषाध्यक्ष कालूराम माली, सामूहिक विवाह आयोजन समिति पांच परगना के अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा, उपाध्यक्ष हजारीमल सोलंकी, बाबूलाल गहलोत, कोषाध्यक्ष गणेशराम भाटी, कांबेश्वर धर्मशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण लाल परिहार, संस्थान पूर्व अध्यक्ष भुबाराम माली, मोहनलाल माली, बाबूलाल सोलंकी समेत समाज के लोग मौजूद थे।



कार सेवक : पुलिस ने रोका तो सेठाराम ने कहा था- लाठी मारो या गोली, राम कार्य के लिए आए हैं वापस नहीं जाएंगे

# मथानियां के सेठाराम परिहार ट्रक में बैठकर कार सेवा के लिए अयोध्या निकले थे पुलिस ने लौटने को कहा मगर वे पीछे नहीं हटे और जान दे दी



जोधपुर। मथानियां के किसान परिवार युवा कारसेवक सेठाराम परिहार ने अयोध्या कार सेवा के दौरान जान दे दी थी। 1990 में मथानिया से एक कारसेवकों का दल अयोध्या के लिए रवाना हुआ था। उस समय चारों और कर्फ्यू लगा था। गाड़ियों व बसों को बन्द कर दिया गया था। तब मथानियां से कारसेवा के लिए सेठाराम परिहार जिले के कुछ साथियों के साथ ट्रक में बैठकर अयोध्या के लिए रवाना हुए थे। रास्ते बंद मिले। मगर वे खेतों के रास्तों, पगडंडियों से होते हुए अयोध्या पहुंचे। वह दिन 2 नवंबर का था। सेठाराम अयोध्या में दिगम्बर अखाड़ा के सामने जत्थे के साथ आगे बढ़ रहे थे तो वे सबसे अग्रिम पंक्ति में थे। उस दौरान के पुलिस ने चेताया कि अब वापस लौट जाओ, नहीं तो गोली मार देंगे। मगर वे आगे बढ़ गए। इस बीच पुलिस ने कारसेवकों पर अश्रु गैस के गोले छोड़े। निहत्थे कारसेवकों पर गोलियां चली उस गोलीबारी में मथानिया के सेठाराम परिहार ने प्राण त्याग दिए। उस समय उनकी उम्र महज 21 साल थी। उत्तरप्रदेश पुलिस उनका शव कब्जे में लेना चाहती थी मगर कारसेवकों उनके पार्थिव देह के चारों और गोल घेरा बना दिया। पुलिस को शव नहीं लेने दिया। उसके बाद पार्थिव देह को एक मन्दिर में रखा गया। वहां से प्रशासन से बातचीत के बाद एक निजी वाहन के मालिक द्वारा अयोध्या से निः शुल्क मथानियां पहुंचाया। उनकी अंतिम विदाई में हजारों लोग शामिल हुए थे।

**मथानियां से 19 जनवरी को अयोध्या के रवाना होंगे भाई व पुत्र** अयोध्या में राममंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 22 जनवरी के लिए मथानियां से उनके अनुज भ्राता वीरेंद्र परिहार व पुत्र मुकेश परिहार अयोध्या के लिए रवाना हुए। सभी ने उनको गाजे बाजे के साथ अयोध्या के लिए उत्सव की तरह विदा किया।

**परिहार की याद में हर साल लगता हैं मेला** अब उनकी याद में हर साल कार्तिक पूर्णिमा को विशाल धार्मिक मेला लगता है। मथानियां में उनकी स्मृति में एक समाधि स्मारक निर्माण के साथ ही उनकी मूर्ति स्थापना कर उसका नाम शहीद सेठाराम चौराहा रखा गया।

उनकी याद में बच्चों के लिए हॉस्टल प्रतिवर्ष निःशुल्क आंखों व रक्तदान शिविर, क्रिकेट व कब्बड्डी प्रतियोगिता के साथ ही धर्म सभा का आयोजन किया जाता हैं। जहां पूर्व 2 सर संघ चालक केसी सुदर्शन, आचार्य धर्मेंद्र, महंत अवैद्यनाथ योगी, पूर्व विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया सहित कई सन्त महात्मा कार्तिक पूर्णिमा के दिवस समाधिस्थल के दर्शन कर चुकी है। यहां राम मन्दिर का भी निर्माण किया जा चुका है।

**सीकर में सैनी समाज का 12वां संभाग स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजितय छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**

# 775 प्रतिभाओं का किया सम्मान, वक्ताओं ने कहा -समाज के विकास के लिए युवाओं को सामाजिक सरोकार से जोड़ना जरुरी

सीकर। सैनी समाज की ओर से रविवार को ज्योतिया फुले सर्किल के पास कैशव पैलेस में 12वां शेखावाटी संभाग स्तरीय सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सैनी जागृति संस्था के अध्यक्ष विष्णु सिंगोदिया ने बताया कि समारोह में 775 विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें आईएएस, आरएएस, आईईएस, भामाशाह होनहार विद्यार्थी, समाज सेवक, राजनितीज्ञ, खिलाड़ी व समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। स्वागत गान ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान की छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय शिक्षण संस्था जयपुर के अध्यक्ष अनुभव चंदल ने समाज के बालक-बालिकाओं को समाज से जोड़ने को समाज के विकास का आधार बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार देवा ने की। विशिष्ट अतिथि जिला रसद अधिकारी सुशील सैनी ने कहा कि प्रतिभा सम्मान से शिक्षा में प्रगति का आधार तैयार होता है। ऐसी संस्थाएं समाज उत्थान में प्रयासरत है, ये धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम में सावित्रीबाई फूले कॉलेज की छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। समाज के आईएएस, आरएएस, आईएएस चिकित्सा अधिकारियों का सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त राजकीय सेवा में नियुक्त 250 प्रतिभाओं, आईआईटी, जो नोट में चयनित प्रतिभाओं के साथ 12वीं, 10वीं की 400 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सांस्कृतिक एवं खेल क्षेत्र की प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। प्रतिभाओं को समारोह में पहुंचे अतिथि सुंदरमल सैनी संरक्षक ज्योतिबा फुले छात्रावास नीमकाथाना कैलाश सैनी उद्योगपति मानेसर रामनिवास सैनी अध्यक्ष उदयपुरवाटी, प्रेमप्रकाश सैनी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान, भंवरलाल गार्ड सैनी समाज पूर्व अध्यक्ष संदीप सैनी युवा नेता उदयपुरवाटी, भाजपा नेता तेज प्रकाश सैनी ने सम्मानित किया।

**समारोह में ये उपस्थित रहे:** समारोह में समाज के रामगोपाल राकासिया, आनंद टांक, घीसालाल सैनी पूर्व अध्यक्ष, रामप्रताप मिटावा, प्रोफेसर जेडी सैनी, घीसालाल हर्ष पूर्व सरपंच, हरिराम नर्सरी, परमानंद सैनी जिला परिषद् सदस्य, सरपंच रामलाल, सरपंच महावीर कॉमरेड, शंकर भारती, रतनलाल सैनी युवा भाजपा नेता, राजेश सैनी शहर ब्लश्वकाध्यक्ष कांग्रेस, रामलखन सैनी, गोविंद सुईवाल, मुकेश हर्ष, शंकर सुनिल, सुरेश, गणेश, विजय, उमेश, दीपक, सुनिल फौजी, राजेश, राहुल समर्थपुरा, ओमप्रकाश सैनी, सुरेश पार्षद, जयप्रकाश सैनी प्रदेश अध्यक्ष फुले बिगेड, रमेश पंवार, नरेश सैनी ओबीसी अध्यक्ष, सुनील घोराणा, विनोद नटखट, मोती करोड़िया, सुशील रेटा, राघव पंवार लक्ष्मणगढ़, किशन लाल सैनी सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# ममता बनी जोधपुर मंडल की प्रथम महिला रेलवे लोको पायलट

## रेलवे जोधपुर मंडल की प्रथम महिला लोको पायलट बनने का गौरव पीपाड़ शहर की ममता टाक को प्राप्त हुआ



जोधपुर। रेलवे जोधपुर मंडल की प्रथम महिला लोको पायलट बनने का गौरव पीपाड़ शहर की ममता टाक को प्राप्त हुआ। ऑल इंडिया रेलवे लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन अलारसा जोधपुर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह सैल व सचिव डी.आर. सैन ने बताया कि जोधपुर रेलवे प्रशासन द्वारा जारी एक आदेश में ममता टाक को मालगाड़ी लोको पायलट पद पर पदोन्नित किया गया है। इससे पहले ममता टाक 2016 से अस्टिटेंट लोको पायलट, शंटर पद पर कार्यरत थी, अब लम्बी दूरी की आम रोजमरा की जरूरत कोयला, पत्थर, खनिज तेल, कंटेनर युक्त मालगाड़ी को चलाते हुए कार्य कर अपने दायित्व से रेलवे का नाम रोशन करेंगी। ममता के लोको पायलट पद पर पदोन्नति होने पर अलारसा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, सीडब्ल्यूसी मेंबर जगदीश प्रसाद मिर्धा, जोनल सचिव पूनाराम गहलोत, जोनल कोषाध्यक्ष देवराज चौधरी, मंडल कोषाध्यक्ष कान्तीलाल सैन, मंडल संयुक्त सचिव लालाराम चौयल, आर डी माली, ब्रांच सचिव अशोक कुमार सारण, ब्रांच अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, यूथ विंग सचिव कैलाश दाधिच, यूथ अध्यक्ष मनोज पटेल, ईश्वरराम टाडा, जगदीश मेघवाल, राकेश मुंडेल, राजुराम गोदारा, रामदीन कुडीया, हनुमान राम भींचर, किरण टाक, निशा चौधरी, अंकिता प्रजापत, पूनम सैनी, सीमा शेखावत, पुजा कुमावत, रिंकी प्रसाद सोनी, रेखा मेघवाल, रजन्ता मीणा ने खुशी प्रकट कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इनके कर कमलों से मिला सम्मान कार्यक्रम में पूर्व राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बिशनाराम देवड़ा, भोपालगढ़ माली समाज के अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी, झालावाङ के हरगोपाल भाटी, नागौर माली समाज के अध्यक्ष कृपाराम देवडा, पूर्व सभापति नागौर बिरदीचंद सांखला, लोकेश टाक, रामकुमार भाटी, बाड़मेर के महेंद्र सिंह कच्छावा, डॉ. रामस्वरूप सांखला, डॉ. अर्जुन राम सांखला, मेड़ता के रामस्वरूप टाक, नीमकाथाना के शिवदयाल सैनी, परबतसर के रमेश टाक, कोटा के गायक जगदीश सैनी, फालना के अधिवक्ता हेमेंद्र सोलंकी, पीपाड़ के व्याख्याता कैलाश देवड़ा, रामकुमार भाटी, डॉ शंकर लाल परिहार, कृपाराम गहलोत, भोपालगढ़ माली संस्थान के अध्यक्ष रामजीवन सोलंकी, जायल के धनाराम सोलंकी, मेड़ता रोड के संग्राम गहलोत, पार्षद मनीष कच्छावा, असिस्टेंट प्रोफेसर लाखाराम भाटी व कविता भाटी, माली समाज नागौर के उपाध्यक्ष देवकिशन सोलंकी व प्रधानाचार्य आनन्द सिंह कच्छावा द्वारा भी अपने कर कमलों द्वारा बालकों का उत्साह वर्द्धन किया गया । विशिष्ट व्यक्तित्व व सामाजिक कार्यकर्ताओं का हुआ विशेष सम्मान कार्यक्रम में बाड़मेर की सामाजिक कार्यकर्ता लता कच्छावा, जोधपुर के अरविंद कच्छावा, अजमेर के हेमेंद्र सिंह सिंगोदिया, प्रदीप कच्छावा, डीडवाना के रामगोपाल तुनवाल, झालावाड़ के प्रेमचंद सुमन, जयपुर के डॉ.ए.के. राजोरिया,जोधपुर के सिद्धार्थ सोलंकी व टाइम प्रतियोगी संस्थान के गुजरात हेड सतीश टाक को भी विशेष रुप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बालकिशन भाटी, बजरंग सांखला, रूपचंद टाक ने किया। कार्यक्रम में इनका रहा सहयोग कार्यक्रम में कार्यालय टीम के रूपचंद टाक, मांगीलाल गहलोत, राधेश्याम टाक, टीकमचंद कच्छावा, रामेश्वर सैनी, प्रमोद पंवार, सुरेश टाक, धनराज सोलंकी, रामकुमार सोलंकी, कानाराम सांखला, चेतन भाटी व मनोहर सांखला का सहयोग रहा। कार्यक्रम में सर्वोदय शिक्षण संस्थान के चतरसिंह, पुखराज सांखला व धर्मेंद्र सांखला द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संस्थान के उपाध्यक्ष मोती बाबा सांखला, सचिव राधाकिशन तंवर, सहसचिव हरिश्चंद्र देवड़ा, कोषाध्यक्ष कमल भाटी, कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम सोलंकी व पारसमल परिहार ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में शिक्षक राजाराम टाक व श्रवण सोनी द्वारा चंद्रयान-3, अमर जवान ज्योति व महादेव का सेल्फी प्वाइंट भी रखा गया जिस पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व चयनित समाज बंधुओं द्वारा रुचि पूर्वक सेल्फी ली गई। कार्यक्रम में अनेक नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों द्वारा संस्थान को अपने प्रथम वेतन में से राशि समर्पित की गई जिनमें श्रीमाधोपुर के मनोज कुमार सैनी आरती पंवार व वंदना पंवार सहित अनेक बंधु शामिल रहे।

# वैवाहिक परिचय


## विपिन गहलोत

| | | |
|---|---|---|
| जन्म तिथि | : | 27 नवम्बर 1999 |
| जन्म स्थल | : | जोधपुर |
| जन्म समय | : | रात्रिः 9.14 |
| ऊँचाई | : | 5 फुट 6 इंच |
| मांगलिक | : | हॉ |
| शिक्षा | : | 10 वीं |
| कार्य | : | वॉटर टैंक सप्लायर्स |
| पिता का नाम | : | श्री टिकमसिंह गहलोत |
| पिता का कार्य | : | खेती बाडी |
| संपर्क नं. | : | 6375173071 |
| निवास पता | : | इमरतिया बेरा, पावटा सी रोड़ जोधपुर |
| ई. मेल आई.डी. | : | |




गौत्र
भाटी

# माली सैनी सन्देश













## ही क्यों ? क्योंकि, हमारे पास है सेकड़ों एन.आर. आई. सहित 5 हजार पाठकों का विशाल परिवार

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

दिनांक ____________

## सदस्यता फॉर्म

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

नाम/संस्था का नाम

पता

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रूपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________ हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर – 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

INNER COLOR

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर – 01 मो. 77379 54550 ( कार्यालय )**


जय फुले
जय फुले
जय फुले
महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान
के तत्त्वावधान में
सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था
राजस्थान
द्वारा संचालित
ज्योतिबा फुले अतिथि गृह
DORMITORY
₹100/- Per Bed
A.C. ROOM
₹ 600/-
COOLER ROOM
₹ 300/-
24/7
अतिथि गृह मैनेजर
सोहन सैनी
7976534740
7878652536
महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान
सेक्टर-3, विद्याधर नगर, जयपुर

प्रेषण तिथि : 29/30 जनवरी, 2024
समाचार पत्रिका पंजीयन सं. :RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 29 जनवरी, 2024
Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर

RAKTSHALA

# श्री श्री रविशंकर ब्लड डोनेशन सेन्टर के उद्घाटपन पल

RAKTSHALA




















स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR